# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024


# Hyundai EXTER.

## Think SUV. Think EXTER.

शुरूआती कीमत @

**₹6 12 800****






प्रीमियम अपहोल्स्टरी के साथ बड़ा कैबिन



60+ ब्लूलिंक फीचर्स के साथ 20.32 cm (8") का HD इन्फोटेनमेंट#



6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड (ड्राइवर, पैसेंजर, साइड और कर्टेन)



ड्यूअल कैमरा वाला डैशकैम



हिल-स्टार्ट असिस्ट कंट्रोल (HAC)



पैडल शिफ्टर्स




टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) - हाईलाइन



रियर AC वेंट्स




क्रूज़ कंट्रोल




पुश बटन स्टार्ट/स्टॉप



वॉयस द्वारा इनेबल्ड स्मार्ट इलेक्ट्रिक सनरूफ




दमदार परफॉर्मेंस

## 40+ एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स*

Scan to chat with us

my Hyundai app

Hyundai Cl!cktoBuy

3 YEAR Unlimited~ Kilometer Warranty

UPTO 7 YEARS Extended Warranty^

3 YEAR Road Side Assistance (RSA)*

UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package*

UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package*

Bluelink — 3 Years free Bluelink subscription*

HYUNDAI

*Terms & Conditions apply. ** Ex-showroom price. Features & specifications shown may vary or not be part of standard fitment & are subject to change without prior notice. Some of the features, specifications or equipment illustrated or described herein may not be standard fitment and may be available at additional cost. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. Segment is defined based on SUV dimensions of overall length between 3 800 - 3 900 mm. **Warranty upto 3 Years or unlimited km whichever occurs earlier. ^Upto 7 years extended warranty on chargeable basis for petrol variants and upto 5 years extended warranty on chargeable basis for CNG variants. Please note that the extended warranty mentioned for all variants is inclusive of the 3 years unlimited kilometer warranty. The CNG kit is warranted directly by CEV Engineering (P) Ltd. Functionality of Bluelink depends on adequate power supply and uninterrupted network connectivity to infotainment system. The Bluelink system is designed in such a way that it makes vehicle theft difficult subject to adequate power supply, uninterrupted network connectivity to informant system and all circuits and battery connection are untampered. Technical specifications have been rounded-off to the nearest value. Deployment of airbags depends upon number of factors explained in detail in owners manual, available on Hyundai website. The colour of the car shown herein may vary from the actual colour of the car due to the limitations of the printing process. The black shade on glasses is due to lighting effect. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules these are meant to keep you safe on roads.

**For Information Contact: Toll Free: 1800114645, Raipur:** Shankara Hyundai, Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501. **Bhatagaon:** Shankara Hyundai Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512. **Raipur:** Mangalam Hyundai, Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480. **Raipur:** Shivnath Hyundai, GE Road, Tatibandh Mob. 8269831021, 9981991744, 9685045126, 9285008566. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843. **Rajnandgaon:** 9755092026. **Bhilai:** Shivnath Hyundai, Shivnath Commercial Complex, GE Road, Supela, Mob. 0788 6685555, 7049917535, 7049917534, **Durg:** 9981991789, **Rajnandgaon:** 9755092026. **Balod:** Shankara Hyundai Durg Road, Jhalmala Balod Mob. 6262000545. **Kawardha:** Mangalam Hyundai Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 7880118235. **Jagdalpur:** Shivnath Hyundai Semi Urban Industrial Area, Nayamunda Road, Mob. 9981991862, 9685045125, 7440414615. **Kanker:** 7470777559.

MAHESHWARI

शिवसेना विधायक ने किया बड़ा दावा

# 'उद्धव गुट के पांच विधायक शिंदे सेना के संपर्क में, बदलेंगे पाला!

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद महाविकास अघाडी की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चुनाव में 20 सीटें जीतने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को अब एकनाथ शिंदे की शिवसेना से टेंशन मिल रही है। रत्नागिरी सीट से शानदार जीत हासिल करने वाले शिवसेना (शिंदे) विधायक उदय सामंत ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि यूबीटी शिवसेना के 5 विधायक शिंदे सेना में शामिल होना चाहते हैं। सामंत ने कहा, ' 5 विधायक एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं और वे शिंदे शिवसेना में शामिल होना चाहते हैं। नतीजे घोषित होने के बाद इन विधायकों ने कल रात एकनाथ शिंदे जी से संपर्क किया। उनका क्या करना है, कैसे शामिल करना है इस पर बाद में फैसला लिया जाएगा. शिंदे गुट के ही एक और विधायक भरत गोगावाले ने भी दावा किया था कि उद्धव के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं और साथ आना चाहते हैं।

### अजीत गुट का दावा, एनसीपी (शरद) के विधायक आ सकते हैं हमारे साथ

इससे पहले एनसीपी चीफ व्हिप अनिल पाटिल ने भी इसी तरह का दावा करते हुए कहा था कि महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में अस्थिरता बनी हुई है और इनके पांच से छह विधायक अगले चार महीने में महायुति में शामिल हो सकते हैं। पाटिल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर चुके एनसीपी (शरद पवार) कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के विधायक इस समय असमंजस की स्थिति में है।

अजीत गुट का भी इसी तरह का दावा



### अघाड़ी को मिली थी करारी शिकस्त

महाराष्ट्र की 288 सदस्यों की विधानसभा में महायुति ने 233 सीटों पर जीत हासिल की है जिसमें बीजेपी की 132, शिंदे शिवसेना की 57 और एनसीपी की 41 सीटें शामिल हैं। वहीं विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाडी महज 49 सीटें हासिल कर पाई जिसमें सबसे ज्यादा उद्धव ठाकरे की शिवसेना (20 सीट) हासिल की थी। इसके अलावा कांग्रेस 16 और शरद पवार की एनसीपी 10 सीट जीत पाई थी।

### उद्धव ने विधायकों से लिया एफिडेविट

माना जा रहा है कि एकनाथ शिंदे गुट के इस दावे के बाद उद्धव सेना अलर्ट हो गई है। यही नहीं पार्टी चीफ उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री पर सभी 20 विधायकों की सोमवार को मीटिंग बुलाई गई। इस मीटिंग में विधायकों से कहा गया है कि वे लिखकर दें कि पाला नहीं बदलेंगे। इन सभी विधायकों से एफिडेविट लिए गए हैं, जिसमें लिखवाया गया है कि वे पार्टी के प्रति वफादार रहेंगे और जिस भी नेता को इनका मुखिया चुना जाएगा, उसे वे स्वीकार करेंगे। इसके लिए उद्धव ठाकरे को अधिकार दिया गया है। वहीं मातोश्री में हुई मीटिंग में इस संबंध में फैसला भी हो गया है और भास्कर जाधव को विधायक दल का नेता चुना गया है। यानी जाधव विधानसभा में पार्टी की लीडरशिप करेंगे। इसके अलावा आदित्य ठाकरे को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उन्हें विधानसभा और विधान परिषद दोनों का ही नेता चुना गया है। पहले की तरह ही सुनील प्रभु सदन में पार्टी के चीफ विप बने रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ने 2014 से पांच लाख कर्मचारियों की भर्ती की : वैष्णव



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि विभाग ने पिछले दशक में पांच लाख कर्मचारियों की भर्ती की। यह संख्या पिछले दशक की तुलना में थोड़ी अधिक है। वैष्णव ने यह बयान नागपुर के अजानी रेलवे ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 4.4 लाख भर्तियां की गई थीं।

### फोन टैपिंग : गहलोत के पूर्व ओएसडी गिरफ्तार



**जयपुर।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा को फोन टैपिंग मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार 25 नवंबर यानी आज लोकेश शर्मा को दिल्ली पुलिस की प्रशांत विहार क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया था। यहां इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि यह भी जानकारी मिली है कि कुछ ही देर में उन्हें कोर्ट से अग्रिम जमानत भी मिल गई है। बता दें कि लोकेश शर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट में गिरफ्तारी पर लगी रोक वाली याचिका वापस ले ली थी।

### हरदोई में हादसा, बस, कार में टक्कर, 5 की मौत

**लखनऊ।** यूपी के हरदोई जिले में कटरा बिल्हौर हाईवे पर मल्लावां कस्बा में गौरी चौराहा के पास तेज रफ्तार से आ रही निजी बस ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मल्लावां कोतवाली के क्षेत्र के खेरवा गांव निवासी नरेश चंद्र ने पुलिस को सूचना दी। उसने बताया कि उसके रिश्तेदार कार से कानपुर जिले के थाना चौबेपुर के गांव गबडहा में स्थित संतोष पैलेस में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में मल्लावां कस्बा में गौरी चौराहा के पास रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तेज रफ्तार से आ रही बस ने कार में सामने से टक्कर मार दी।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

इन शब्दों को संविधान के बुनियादी ढांचे का बताया हिस्सा

# संविधान से धर्मनिरपेक्ष-समाजवाद शब्द हटाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज

*सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। 22 नवंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा- इन शब्दों को संविधान में 42वें संशोधन (1976) के जरिए शामिल किया गया था और ये संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा हैं।*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंच ने कहा- संविधान में दर्ज 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी विशेषताओं को बताते हैं। इन्हें हटाना उचित नहीं है। संविधान को उसके मूल उद्देश्यों से अलग करने का कोई भी प्रयास मंजूर नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को पश्चिमी चश्मे से देखने की जरूरत नहीं है। बता दें, पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, वकील विष्णु शंकर जैन और अन्य की दायर याचिकाओं में कहा गया था कि 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को संविधान में शामिल करना गैर जरूरी और अवैध है। ये शब्द लोगों की निजी स्वतंत्रता और धार्मिक भावनाओं पर असर डालते हैं।

### सुब्रमण्यम स्वामी सहित अन्य ने दायर की थी याचिका

**42वें संशोधन में शामिल किए गए ये शब्द**

आपको बता दें, संविधान 1949 में अपनाया गया था। तब संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द नहीं थे। 1976 में इंदिरा गांधी की सरकार के दौरान 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द शामिल किए गए थे।


THE CONSTITUTION OF INDIA

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a SOVEREIGN, SOCIALIST, SECULAR, DEMOCRATIC, REPUBLIC and to secure to all its citizens:

JUSTICE, social, economic and political;

LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship;

EQUALITY of status and of opportunity; and to promote among them all

FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the unity and integrity of the Nation;

IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY this twenty-sixth day of November, 1949, do HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

### अब इस मुद्दे को क्यों उठाया जा रहा है?

*सुनवाई के दौरान, सीजेआई ने कहा, 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' दो अभिव्यक्तियां 1976 में संशोधनों के जरिए बनाई गई थीं। ये कहना कि ये संविधान 1949 में अपनाया गया था, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। अगर पहले से मौजूद तर्क माने जाते हैं तो वे सारे संशोधनों पर लागू होंगे। इतने सालों के बाद प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता। इतने साल हो गए हैं, अब इस मुद्दे को क्यों उठाया जा रहा है।*

### समाजवाद का मुख्य अर्थ कल्याणकारी राज्य

सीजेआई ने कहा, भारत में समाजवाद को समझने का तरीका दूसरे देशों से बहुत अलग है। हमारे संदर्भ में समाजवाद का मुख्य अर्थ कल्याणकारी राज्य है। बस इतना ही। इसने निजी क्षेत्र को कभी नहीं रोका जो अच्छी तरह से फल-फूल रहा है। हम सभी को इससे लाभ हुआ है। सीजेआई ने दोहराया, समाजवाद शब्द का इस्तेमाल एक अलग संदर्भ में किया जाता है, जिसका अर्थ है कल्याणकारी राज्य है। समाजवाद को लोगों के कल्याण के लिए खड़ा होना चाहिए। समाज अवसर प्रदान करने चाहिए। एसआर बोम्मई मामले में 'धर्मनिरपेक्षता' को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा माना गया है।

### याचिकाकर्ताओं ने दिया था ये तर्क

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़ी याचिकाएं पूर्व भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता बलराम सिंह और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थीं। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि 42वें संशोधन ने संविधान निर्माताओं की मूल दृष्टि को विकृत कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने यह भी तर्क दिया था कि संविधान निर्माताओं ने संविधान सभा की बहसों के दौरान जानबूझकर "समाजवादी" और "धर्मनिरपेक्ष" शब्दों को बाहर रखा था।

कनाडा ने भारत के खिलाफ उठाया बड़ा कदम

# निज्जर हत्याकांड में चार भारतीयों पर सीधे ट्रायल

एजेंसी ▶▶| ओटावा



कनाडा में खालिस्तान समर्थकों के प्रति झुकाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। भारत-कनाडा के रिश्ते पहले ही तनावपूर्ण हैं, लेकिन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी राजनीति को खालिस्तानी वोट बैंक से जोड़कर देख रहे हैं। हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में कोई ठोस सबूत न होने के बावजूद कनाडा सरकार ने मामले में एक नया कदम उठाया है। अब चार भारतीय नागरिकों के खिलाफ बिना प्रारंभिक सुनवाई के सीधे ट्रायल शुरू करने का ऐलान किया गया है। कनाडा के बीसी प्रॉसिक्यूशन सर्विस के मुताबिक इस फैसले का मतलब है कि केस सीधे सुप्रीम कोर्ट में जाएगा और प्रारंभिक सुनवाई का चरण छोड़ दिया जाएगा।

### बहुत कम मामलों में लिया जाता है ऐसा फैसला

कनाडा के क्रिमिनल कोड के तहत डायरेक्ट इंडिक्टमेंट यानी सीधे अभियोग का इस्तेमाल बेहद कम मामलों में किया जाता है। जानकारी के अनुसार इसका फैसला अटॉर्नी जनरल की जिम्मेदारी होती है और यह जनहित के विशेष मामलों में ही लिया जाता है। ऐसे मामलों में गवाहों और उनके परिवारों की सुरक्षा या अन्य संवेदनशील मुद्दे शामिल हो सकते हैं।

### कौन हैं ये चार भारतीय आरोपी?

आरोपियों में करण बरार, अमनदीप सिंह, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह शामिल हैं। इन पर 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे स्थित गुरुद्वारे में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप है। बता दें कि चारों को इस साल मई में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि न्यायिक कार्यवाही में कोई खास प्रगति नहीं हुई है और अब तक मामले की सुनवाई पांच बार टल चुकी है।

### भारत-कनाडा रिश्तों पर पड़ेगा बुरा असर

कनाडा का ये फैसला भारत के साथ उसके रिश्तों को और खराब कर सकता है। ट्रूडो सरकार का खालिस्तान के प्रति झुकाव और सबूतों की कमी के बावजूद मामले को राजनीतिक रंग देना द्विपक्षीय संबंधों में कड़वाहट बढ़ा रहा है। भारत ने इस मुद्दे पर पहले भी सख्त प्रतिक्रिया दी है और माना जा रहा है कि अब कनाडा सरकार का ये कदम विवाद को और बढ़ा सकता है।

# वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन पुलिस वाहनों पर पत्थरबाजी




एजेंसी ▶▶| कटरा

जम्मू कश्मीर के कटरा में रोपवे लगाने को लेकर विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों और मजदूरों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गई है और मामले को शांत कराने के लिए बातचीत का दौर जारी है। अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों की झड़प में एक पुलिसकर्मी घायल भी हो गया है। भारत माता की जय के नारों के बीच, सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने त्रिकुटा पहाड़ी पर मौजूद मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बेस कैंप कटरा शहर में मार्च और धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने पहले तो केवल 72 घंटे की हड़ताल का आह्वान किया था, लेकिन यह रविवार को फिर से 24 घंटे के लिए बढ़ा दी गई।

### दुकानदारों को इस बात का डर

दुकानदारों और मजदूरों को इस बात का डर है कि दो साल में पूरे होने वाले इस प्रोजेक्ट की वजह से वह बेरोजगार हो जाएंगे। सोमवार को तनाव ज्यादा बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों के धरना देने के दौरान सीआरपीएफ का एक वाहन भी यहां से गुजरने की कोशिश कर रहा था।

बरेली हादसा

### गूगल के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित अफसरों पर एफआईआर



**बरेली।** यूपी के बरेली में जीपीएस (गूगल मैप) के सहारे यात्रा कर रहे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। दरअसल, कार सवार जिस ब्रिज (पुल) को क्रॉस कर आगे बढ़ना चाहते थे, असल में वो अधूरा बना था। ऐसे में कार ब्रिज से नीचे गिर पड़ी और दर्दनाक हादसा हो गया। ब्रिज पर न कोई अवरोधक था, न ही बैरिकेड, जिससे कार चालक खतरा भांप नहीं पाया। फिलहाल, हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन ने पुल पर अस्थाई रूप से दीवार बनाकर लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। वहीं, ब्रिज हादसे के बाद बदायूं में पुल शुरू होने वाली जगह को घटनास्थल मानते हुए लापरवाह लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं, गूगल के क्षेत्रीय प्रबंधक और अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ थाना दातागंज में एफआईआर दर्ज की गई है।

छात्र संघ चुनाव

अध्यक्ष एवं सहसचिव पद पर हासिल की शानदार जीत

# 7 साल बाद एनएसयूआई ने दिल्ली यूनिवर्सिटी पर जमाया कब्जा

रौनक खत्री 20207 वोट प्राप्त कर बने अध्यक्ष, सहसचिव लोकेश चौधरी को मिले 21975 वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई ने कब्जा जमा लिया है। अध्यक्ष पद पर रौनक खत्री व सहसचिव पद पर लोकेश चौधरी ने शानदार जीत दर्ज की है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा एवं प्रदेश अध्यक्ष आशीष लंबा के नेतृत्व में 7 साल बाद यह ऐतिहासिक जीत मिली है। खत्री को 20207 वोट जबकि सहसचिव चौधरी को 21975 वोट मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर एबीवीपी के भानू प्रताप तथा सचिव पद पर एबीवीपी के मृत्रवृंदा ने जीत दर्ज की है। दिल्ली प्रभारी राष्ट्रीय सचिव बग्गा ने बताया, पहले ही राउंड से रौनक ने बढ़त बना कर रखी थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों ने एनएसयूआई के दो प्रत्याशी को यहछात्रों के हित को लेकर जिताया है। हम भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले 1 वर्षों तक हमने जो भी वादे छात्रों से किए हैं उसे हम पूरा करेंगे।

### छात्रों को दिलाया भरोसा

बग्गा ने कहा, 7 वर्षों बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यक्ष पद एनएसयूआई के पास आया है हम पूरी तरह से छात्रों के हर समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हैं सभी छात्रों को यह भरोसा दिलाते हैं कि हमने जो भी वादे किए थे वे सभी वादे हमारे अध्यक्ष एवं सहसचिव मिलकर पूरा करेंगे और दिल्ली विश्वविद्यालय को देश का ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का सबसे अच्छा विश्वविद्यालय में बनाने का प्रयास करेंगे। बग्गा ने कहा, यह बड़ी जीत हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी के प्रयासों का परिणाम है। 6 महीने पूर्व ही मुझे दिल्ली राज्य की कमान सौंप गई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक ही कहना था कि दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में एनएसयूआई को अध्यक्ष पद जीतना है और विश्वविद्यालय की सारी समस्याओं का समाधान करना है। सभी के प्रयासों से हमने दो पदों पर अपनी जीत हासिल की है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024







# अब छात्रों को लूटने जालसाजी... बनाई रविवि की फर्जी वेबसाइट, इसमें परीक्षा आवेदन लेकर फीस भुगतान तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ऑनलाइन पैसे वसूलने ठगों ने इस बार छात्रों को ही निशाना बनाया। इसके लिए उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विवि की नकली वेबसाइट तैयार की। इसे हूबहू रविवि की ओरिजनल वेबसाइट की तरह ही डिजाइन किया गया। पाठ्यक्रमों की जानकारी, सिलेबस, गतिविधियों की जानकारी से लेकर सभी तरह की चीजें इसमें समाहित की गई। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन का भी विकल्प दिया गया। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद छात्रों को फीस का भुगतान भी करना होता है। फर्जी वेबसाइट में फीस भुगतान के लिए जो सिस्टम जनरेट किया गया, ▶▶|शेष पेज 2 पर

## असली और नकली वेबसाइट की यूआरएल आईडी में मात्र (.) और (-) का अंतर

### मौजूद थे सभी तरह के विकल्प

रविवि ना केवल परीक्षा फॉर्म बल्कि सभी तरह के आवेदन ऑनलाइन भरने के विकल्प देता है। इसमें माइग्रेशन, डूप्लीकेट मार्कशीट, पीएचडी डिग्री सहित कई तरह की चीजें शामिल हैं। ठगों ने भी फर्जी वेबसाइट पर सभी तरह के विकल्प छात्रों को मुहैया कराए थे, ताकि वे अधिक से अधिक पैसों की उगाही कर सकें।

- साइबर सेल में रविवि ने दी अर्जी नहीं पकड़े गए ठग बंद की गई वेबसाइट
- रविवि ने वेबसाइट में इससे संबंधित सूचना चस्पा की




### साइबर सेल में शिकायत

छात्रों से ठगी का मामला अभी सामने नहीं आया है। रविवि प्रबंधन ने खुद ही संज्ञान लेते हुए फर्जी वेबसाइट की सूचना साइबर सेल को दी थी।

**- प्रो.राजीव चौधरी**
मीडिया प्रभारी, रविवि

### व्हॉट्सएप ग्रुप में वायरल हुए स्क्रीनशॉट

कई छात्रों ने आवेदन के दौरान इस फर्जी वेबसाइट को असली मानकार खोला भी, लेकिन बाद में भुगतान के दौरान उन्हें कुछ गड़बड़ी का अंदेशा हुआ। छात्रों के हॉस्टल व्हॉट्सऐप ग्रुप से लेकर अन्य व्हॉट्सऐप ग्रुप में इसके स्क्रीनशॉट भी वायरल हुए। रविवि प्रबंधन को जब इसकी जानकारी मिली तो इसकी शिकायत साइबर सेल में की गई। साइबर सेल के मुताबिक, रविवि ने मात्र फर्जी वेबसाइट की शिकायत की है। छात्रों संग ठगी या पैसे निजी खाते में जमा होने की शिकायत नहीं की गई है।


Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कबीरधाम एसपी बने धर्मेंद्र सिंह



**रायपुर।** राज्य शासन ने चार आईपीएस अफसरों के तबादले ककिए हैं। कबीरधाम एसपी राजेश अग्रवाल को पुलिस मुख्यालय एआईजी के पद पर पदस्थ करते हुए उनके स्थान पर सेनानी 5वीं वाहिनी बीजापुर में पदस्थ धर्मेंद्र सिंह को कबीरधाम का नया एसपी बनाया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में मयंक गुर्जर एएसपी मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी को एएसपी बीजापुर के पद पर पदस्थ किया गया है। पूजा कुमार एएसपी बीजापुर को एएसपी दंतेवाड़ा के पद पर पदस्थ किया गया है।

### घर से एक करोड़ नकद, सोने की 300 गिन्नी चोरी



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में चोरों के एक गिरोह ने वालापट्टनम में व्यवसायी के घर से एक करोड़ रुपए की नकदी और सोने की 300 गिन्नियां चुरा लिए। चोरी की यह घटना उस समय हुई जब व्यवसायी और उसका परिवार विवाह समारोह में भाग लेने मदुरै गए हुए थे।

### ईडी ने कुर्क की 219 करोड़ रुपए की संपत्ति

**नई दिल्ली।** ईडी ने 'फेयरप्ले' नामक पोर्टल के खिलाफ धनशोधन के मामले में करीब 219 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। यह आईपीएल क्रिकेट मैचों के अवैध प्रसारण के अलावा लोकसभा चुनाव परिणामों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में कथित रूप से शामिल थी।

### मशहूर लेखिका ब्रेडफोर्ड का निधन



**न्यूयॉर्क।** 'ए वूमन ऑफ सब्सटेंस' नामक उपन्यास से चर्चा में आईं ब्रिटिश लेखिका बारबरा टेलर ब्रेडफोर्ड का निधन हो गया। ब्रेडफोर्ड ने 40 की उम्र में 'ए वूमन ऑफ सब्सटेंस' उपन्यास लिखकर तहलका मचा दिया था।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर कवायद, शाह से मिले नेता, तरह-तरह के कयास

# ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला या फिर दो डिप्टी सीएम का दांव, अब भी सस्पेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को लेकर भाजपा, शिवसेना और राकांपा अपने-अपने दावे कर रहे हैं। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग तय कर लिया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। अगर इस समय सीमा तक सरकार नहीं बनती है, तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ेगा। इधर, शिवसेना प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने सोमवार को 'बिहार मॉडल' का हवाला देते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहना चाहिए, जहां सत्तारूढ़ 'महायुति' ने विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की है।

हालांकि, भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस की वकालत करते हुए कहा कि वह राज्य का नेतृत्व करने के लिए सबसे सक्षम उम्मीदवार हैं। एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना, भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के 'महायुति' गठबंधन ▶▶|शेष पेज 2 पर

*महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद अब मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस जल्द खत्म हो सकता है। भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दिल्ली पहुंचे हैं। इधर, महाराष्ट्र में ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला भी बन रहा है, वहीं दो डिप्टी सीएम भी बनाए जाने की चर्चा है। फिलहाल तरह-तरह के कयास हैं। ऐसे में जल्द ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के साथ ही नई सरकार पर फैसला हो सकता है।*





**महायुति का फॉर्मूला**

**भाजपा**
22-24 मंत्री पद

**शिंदे गुट**
10-12 मंत्री पद

**अजित पवार गुट**
8-10 मंत्री पद

## दिल्ली पहुंचे देवेंद्र फडणवीस, शाह पर टिकीं सबकी नजरें

### आदित्य ठाकरे दोनों सदनों में चुने गए नेता

उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री में हुई बैठक में आदित्य ठाकरे को विधानसभा और विधान परिषद दोनों सदनों में पार्टी का संयुक्त नेता चुना गया है। भास्कर जाधव को शिवसेना (यूबीटी) के विधायक दल का नेता और सुनील प्रभु को चीफ व्हिप चुना गया है। पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ने हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में वर्ली निर्वाचन क्षेत्र से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मिलिंद देवरा को 8,801 मतों से हराया।

### हार के बाद कांग्रेस के बागी नेता शिवसेना में

विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उन्हें चुनौती देने वाले कांग्रेस के बागी नेता शिवसेना में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र के कोपरी-पचपाखड़ी सीट से अपना नामांकन वापस लेने से इंकार करने के बाद कांग्रेस से निलंबित किए गए मनोज शिंदे रविवार को शिवसेना में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को लेकर असंतोष जाहिर किया, खास कर ठाणे और कोंकण क्षेत्र पर पूरा ध्यान न दिए जाने को लेकर।

### राज ठाकरे की पार्टी पर संकट

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस बार एक भी सीट नहीं जीत पाई। उसका वोट शेयर सिर्फ 1.55% रहा। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, पार्टी की मान्यता खत्म हो सकती है और उसका चुनाव चिह्न (सिंबल) छीन लिया जा सकता है। आयोग के मान्यता नियम के मुताबिक, किसी पार्टी को 1 विधायक और 8 फीसदी वोट, 2 विधायक और 6 फीसदी वोट, 3 विधायक और 3फीसदी वोट हासिल करना जरूरी है। अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं तो पार्टी की मान्यता रद्द हो सकती है।

### विस चुनाव का आंकड़ा

बता दें कि 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के हालिया चुनाव में पिछले चुनाव से 4 फीसदी कम 65.11% वोटिंग हुई थी। महायुति ने 230 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, विपक्षी गठबंधन एमवीए को सिर्फ 46 सीटें मिलीं।

# सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन, कारोबारी 14 दिनों के लिए भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला के आरोप में गिरफ्तार सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी तथा कारोबारी श्रवण गोयल को सीबीआई ने सोमवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। दोनों को कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

- टामन सोनवानी पर कारोबारी श्रवण गोयल से 45 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप

सीबीआई ने दोनों आरोपियों को पिछले सप्ताह 18 नवंबर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। मामले की अगली सुनवाई सात दिसंबर को होगी। आरोप है कि कारोबारी ने अपने बेटे शशांक गोयल, बहू भूमिका कटियार को नौकरी दिलाने ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पैसे लेकर चयन करने के आरोप

सीबीआई के आरोपों के मुताबिक सोनवानी के कार्यकाल में पीएससी भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। आरोप है कि सोनवानी ने अपने कई करीबी रिश्तेदारों और कांग्रेस नेताओं की नौकरी लगवाई है। सोनवानी पर यह भी आरोप है कि उसने पैसे लेकर कुछ नेताओं और अधिकारियों के बच्चों को डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे पदों पर चयन किया है।

# सरकारी शौचालय की अब होगी ब्रांडिंग, जाने वालों की संख्या पोर्टल में होगी दर्ज

- राज्य के नगरीय निकायों में 25 दिसंबर तक विशेष अभियान
- उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया जानने तैयार हो रहा है माय टायलेट एप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों में जाने वालों की संख्या अब एक रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। यह संख्या रोज वहां जाने वालों की होगी। इसके बाद शौचालय उपयोगकर्ताओं का यह डाटा नगरीय निकायों के स्वच्छतम पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। यह दरअसल स्वच्छ ▶▶|शेष पेज 2 पर

### ये है मामला

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत 25 दिसंबर तक स्वच्छ शौचालय अभियान राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की तैयारी की है। इस अभियान के छह घटक हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ के राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को निर्देश जारी कर अभियान संचालित करने के दिशा निर्देश दिए हैं।

### फुटफॉल मैपिंग यानी शौचालय जाने वालों का हिसाब

स्वच्छ शौचालय अभिय के मुख्य रूप से छह घटक है। इनमें से एक फुटफॉल मैपिंग भी है। इसके तहत शौचालय में उपयोगकर्ताओं की वास्तविक संख्या की गणना के लिए संबंधित शौचालय में सेवा प्रदाता संस्था द्वारा नियुक्त केयर टेकर, ऑपरेटर द्वारा एक रजिस्टर में दैनिक शौचालय उपयोगकर्ताओं की संख्या दर्ज की जाएगी। यह जानकारी संबंधित नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छतम पोर्टल पर दर्ज करते हुए समीक्षा की जाएगी।

## रायगढ़ घराने पर डॉ. यास्मीन की दो पुस्तकों का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध कत्थक कलाकार, स्कॉलर डॉ. यास्मीन सिंह द्वारा लिखित दो पुस्तकों का लोकार्पण सोमवार को नई दिल्ली में हुआ। पहली बार छत्तीसगढ़ के रायगढ़ घराने को अपने पुस्तक, रायगढ़ घराने की कत्थक रचनाओं का सौंदर्यबोध और राजा चक्रधर सिंह (कत्थक के प्रणेता एवं संरक्षक) के माध्यम से डॉ. यास्मीन सिंह ने देश की राजधानी दिल्ली के माध्यम से देश को रूबरू कराया। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमन सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विपक्ष के नेता डॉ चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रभारी बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, मप्र भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, अदानी फाउंडेशन की संचालक डॉ. प्रीति अदाणी उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में गिरफ्तार हुए इस्कान के कृष्ण दास प्रभु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने इस्कॉन के कृष्णदास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कृष्ण दास को ढाका एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर मुखर होकर अपनी बात रखने वाले कृष्ण दास प्रभु के खिलाफ हाल ही में देशद्रोह का केस दर्ज किया गया था।

- हिंदुओं के समर्थन में रैली, देशद्रोह का आरोप



### नहीं दी आधिकारिक जानकारी

इस्कॉन या बांग्लादेशी सरकार की तरफ से अभी तक कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। सूचना प्रसारण मंत्रालय की एक वरिष्ठ सलाहकार कंचन गुप्ता ने एक्स पर यह जानकारी दी।

घर में प्रसव, पेट दर्द के बाद दौड़े अस्पताल पर नहीं बची जान

# ऑक्सीजन न मिलने से मां-जुड़वां बच्चों ने तोड़ा दम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एक महिला को जब घर पर प्रसव पीड़ा हुई तो महिला ने घर पर ही दो स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म तो दे दिया लेकिन पेट दर्द थमने का नाम नहीं ले रहा था। रामपुर स्वास्थ्य केंद्र से नर्स उसके घर भी पहुंचे थे, जिन्होंने अपनी तरफ से प्रयास भी किया लेकिन इसके बाद भी जब मामला नहीं सुलझा तो महिला को उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से उसे ▶▶|शेष पेज 2 पर





**संजीवनी में नहीं थी ऑक्सीजन की सुविधाः** ग्राम जोगीपाली निवासी बिहारी लाल राठिया ने आरोप लगाया है कि जिस वाहन में कांति बाई को लाया गया था, उस संजीवनी वाहन में ऑक्सीजन की सुविधा नहीं थी जिसके चलते ▶▶|शेष पेज 2 पर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी कांति बाई

बिहारी लाल राठिया पेशे से खेती किसानी का काम करता है जबकि उसकी पत्नी कांतिबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी। दोनों बहुत खुश थे कि उनके घर नया मेहमान आने वाला है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते उसकी पत्नी और दो नवजात बच्चों की मौत हो गई है। जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब बिहारी लाल राठिया का एक 10 वर्षीय पुत्र विकास राठिया ही घर पर बचा हुआ है।

चिंतन

# वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती बिल्कुल सही

देश की सर्वोच्च अदालत ने वही किया जो बहुत जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण पर अपने तल्ख तेवर बरकरार रखते हुए साफ शब्दों में कहा कि अभी ग्रेप-4 लागू रहेगा। प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने एयर क्वालिटी कमीशन से पूछा कि 2 दिन में बताएं दिल्ली में जल्द स्कूल कैसे खुलेंगे। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि सिर्फ तकनीक के इस्तेमाल को बेहतर बनाने से न्याय की गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा। हमें समस्या का परमानेंट हल निकालना होगा। यह सही भी है। बिना सख्ती के प्रदूषण का समाधान होता नजर भी नहीं आ रहा। जिस सरकारी तंत्र के भरोसे हम बैठे थे वो दिल्ली और देश के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाले वायु प्रदूषण से निपटने में बुरी तरह नाकाम रहा है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि हल तलाशने की बजाए नाकामी को छिपाने की कोशिश होती रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के सही आंकड़े को सार्वजनिक न करने के भी प्रयास होते रहे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी सीपीसीबी यह दलील देता रहा कि 500 से अधिक एक्यूआई के आंकड़े को इसलिए प्रकट नहीं किया जाता, क्योंकि यह स्पष्ट ही होता है कि वायु की गुणवत्ता में इससे ज्यादा कमी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। इसका क्या मतलब समझा जाए, क्या यह देखा जा रहा था कि एक्यूई 800 और 1000 कैसे होता है। इसी से ही हमारे तंत्र की गंभीरता का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। कितनी चिंताजनक स्थिति है कि देश के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत के आसपास है। पिछले दिनों चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के अध्ययन में ये आंकड़े सामने आए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन शहरों में निर्धारित मानकों से अधिक प्रदूषण है, वहां भी प्रदूषण नियंत्रण के लिए केंद्र द्वारा आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा खर्च तक नहीं हो पाता है। विडंबना देखिए कि 131 शहरों को आवंटित राशि का महज 60 फीसदी ही खर्च हो पाया है। यह स्थिति तब है जब देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। केंद्र सरकार ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम का ऐलान 2019 में किया था। जिसका उद्देश्य प्रदूषण से नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करना था। कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति बीस से तीस फीसदी कम हो सके। दरअसल, इस अभियान के तहत वायु स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें सार्वजनिक यातायात को प्रोत्साहन, शहरों में पौधरोपण, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन शामिल है। इस योजना का प्रचार तो खूब हुआ, लेकिन धरातल में कोई असर होता नजर नहीं आ रहा। राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। अब सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है तो स्थानीय प्रशासन भी डीजल के 10 और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों पर नकेल कसने में जुटा है। पूरे उत्तरी भारत में हजारों की संख्या में ऐसे वाहन जब्त किए जा चुके हैं। आखिर प्रशासन जागा तो सही। जो प्रयास अब हो रहे हैं, यही होते रहे तो जल्द ही हवा में घुल रहा जहर कम हो जाएगा, ऐसी उम्मीद है।

# सशक्त-समर्थ लोकतंत्र का प्रतिबिंब



संविधान दिवस
नरेन्द्र सिंह तोमर

हमारा संविधान जन-जन की भावनाओं, आकांक्षाओं का प्रतीक रहा है। संविधान ने राष्ट्र को राह दिखाई है और समय-समय पर स्वयं में परिवर्तन करके लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त भी किया है। 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी और लंबे अध्ययन- मंथन-चिंतन के पश्चात 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अंगीकार किया था। यह समय उसी पवित्र दस्तावेज को स्मरण करने का है जिसने न केवल दशकों से हमारे गणतंत्र की यात्रा का मार्गदर्शन किया है, अपितु कई अन्य देशों को भी अपने संविधान तैयार करने के लिए प्रेरित किया है। संविधान सभा, राष्ट्र के सभी क्षेत्रों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित सदस्यों से बनीं थी।

हम 26 नवम्बर 2024 को 75वां संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। हमारे संविधान का अमृत काल में प्रवेश सशक्त एवं समर्थ भारतीय लोकतंत्र का प्रतिबिंब है। संविधान को राष्ट्र को समर्पित करते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के यह शब्द कि 'संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का माध्यम है और इसकी भावना सदैव युग की भावना है' विगत 75 वर्षों में शब्दशः सत्य प्रमाणित हुए हैं। हमारा संविधान जन-जन की भावनाओं, आकांक्षाओं का प्रतीक रहा है।

संविधान ने राष्ट्र को राह दिखाई है और समय-समय पर स्वयं में परिवर्तन करके लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त भी किया है। 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी और लंबे अध्ययन- मंथन-चिंतन के पश्चात 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अंगीकार किया था। यह समय उसी पवित्र दस्तावेज को स्मरण करने का है जिसने न केवल दशकों से हमारे गणतंत्र की यात्रा का मार्गदर्शन किया, अपितु कई अन्य देशों को भी अपने संविधान तैयार करने के लिए प्रेरित किया है। संविधान सभा, राष्ट्र के सभी क्षेत्रों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित सदस्यों से बनीं थी। इन सदस्यों का हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान तो रहा ही है, साथ ही संविधान रूपी महत्वपूर्ण दस्तावेज की रचना करके भविष्य के भारत को दिशा दिखाने का महान कार्य भी उन्होंने किया है। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और प्रारूपण समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. अंबेडकर की दूरदर्शिता, राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं जन कल्याण की भावना हमारे संविधान में परिलक्षित होती है। हमें इस बात पर भी गर्व करना चाहिए कि संविधान सभा के 389 सदस्यों में 15 महिलाएं भी थीं। यह वह समय था जब दुनिया के तथाकथित प्रगतिशील राष्ट्रों में महिला अधिकारों पर खींच-तान मची थी, हमारे यहां महिलाएं संविधान निर्माण जैसे महान और महत्वपूर्ण कार्य का हिस्सा थीं। हमारे संविधान का आधार स्तंभ इसकी प्रस्तावना है। हमारा संविधान ही प्रारंभ होता है- 'हम भारत के लोग' वाक्य के साथ, अर्थात यहां मैं नहीं हम की भावना के साथ राष्ट्र का एक-एक जन गणतंत्र के लिए प्रतिबद्ध है। संविधान की प्रस्तावना में ही जन कल्याण का ध्येय है और इसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावना पूरी तरह से निहित है।

हमारे संविधान की एक सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि यह जितना कठोर है उतना ही लचीला भी है। समय-समय पर काल, परिस्थितियों, राष्ट्र तथा जन कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए संविधान स्वयं में संशोधन की क्षमता भी रखता है। सितम्बर 2024 तक हमारे संविधान में कुल 106 संशोधन हो चुके हैं और इन संशोधनों ने संविधान की शक्ति को और अधिक बढ़ाने का कार्य किया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में विगत दस वर्षों में सरकार ने संविधान में पूर्ण निष्ठा के साथ जन कल्याण की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया है। यह दशक संविधान के लोकहित में सशक्त होने का समय था। संविधान में इस दौरान किए गए संशोधन न केवल ऐतिहासिक हैं अपितु राष्ट्र की प्रगति एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को गति प्रदान करने वाले भी रहे हैं। संविधान का 106वां




संशोधन, इस देश की आधी आबादी अर्थात नारी शक्ति के सशक्तिकरण को समर्पित है। दशकों से लंबित महिलाओं के हक की एक मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्तिवंदन अधिनियम 2023 के माध्यम से साकार किया है। लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण भारत में महिला नेतृत्व को एक नया आयाम देता है। 5 अगस्त 2019 को संविधान में हुआ संशोधन स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक निर्णय माना जा सकता है। जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए संविधान में प्रावधानित अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाए जाने से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान' का संकल्प स्वतंत्रता के 70 वर्ष उपरांत पूर्ण हो पाया। यह पीएम नरेंद्र मोदी की दृढ़ निर्णय शक्ति का ही परिणाम है कि धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी देश के बाकी हिस्सों के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

तीन आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू करके भारत सरकार ने दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। अंग्रेजों के समय के कानूनों को समाप्त करके उनके स्थान पर नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से समकालीन चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने और लोक आशाओं को ज्यादा पूर्ण करने की शक्ति प्राप्त हुई है। ये नए आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चिंतन में सदैव पहली प्राथमिकता कमजोर वर्ग को सशक्त कर उसे समाज की मुख्यधारा में लाने की रही है। संविधान के 103वें संशोधन के माध्यम से वर्ष 2019 में भारत सरकार ने सामान्य वर्ग के कमजोर आर्थिक वर्ग वाले परिवारों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह समाज के कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण में मील का पत्थर है। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने भारतीय मुस्लिम बहनों के जीवन में रोशनी का एक नया सूरज उगाया है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा के अंत से मुस्लिम महिलाओं को अब समाज में बराबरी का अधिकार मिला है। संविधान में यह संशोधन मोदी की दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रतीक है। इसके साथ ही जीएसटी के माध्यम से एक देश एक कर की अवधारणा को लागू करने के लिए संविधान का 101वां संशोधन, वर्ष 2019 में संविधान के 104वें संशोधन के जरिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को आरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था को 10 वर्ष और बढ़ाने जैसे कदम सरकार की जन कल्याण और प्रगति में गहरी निष्ठा को स्थापित करते हैं। बता दें कि 1951 से अब तक संविधान में 106 संशोधन किए जा चुके हैं। संविधान में पहला संशोधन 1951 में अस्थायी संसद ने पारित किया था, उस समय राज्यसभा नहीं थी। भारत के संविधान को विश्व के सबसे अधिक संशोधित संविधानों में से एक माना जाता है। 7 जून, 2024 को नरेंद्र मोदी जी ने मोदी-3 सरकार की शुरुआत करते हुए संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान की पवित्र पुस्तक को माथे से लगाकर नमन किया था। यही दृश्य पांच साल पहले मोदी-2 के समय भी दृष्टिगत हुआ था। नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संविधान में आस्था न केवल इन दृश्यों से अपितु उनके हर निर्णय से स्वतः परिलक्षित हो रही है। हम सभी को देश के नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य पालन में संविधान के प्रति आस्था रखते हुए कार्य करना चाहिए। हमें सदैव अपने कर्तव्य का पालन और अधिकारों का यथोचित उपयोग करना चाहिए। अमृतकाल में विकसित भारत की ओर अग्रसर हमारे राष्ट्र को हमारे संवैधानिक मूल्य सशक्त और समृद्ध करते हैं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
प्रो. बिपिन तिवारी



# भारतीय संविधान के 75 वर्ष की गौरव यात्रा

संविधान हमारे देश का सर्वोच्च विधान है। यह नियम-कानूनों का दस्तावेज भर नहीं है बल्कि यह वह पवित्र ग्रंथ है जिससे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का संचालन होता है। संविधान के द्वारा मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ शासन के सिद्धांतों को भी रेखांकित किया जाता है। भारतीय संविधान का निर्माण भारतीय संविधान सभा ने किया था। संविधान सभा का गठन छह दिसंबर 1946 को किया गया था। इस सभा में प्रारंभ में कुल 389 सदस्य थे, जिसमें से विभाजन के बाद 299 सदस्य रह गए। इन 299 सदस्यों में से 284 सदस्यों ने 26 नवंबर 1949 को संविधान के अंतिम मसौदे पर हस्ताक्षर किए, जिनमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं। भारतीय संविधान का प्रारूप डॉ. भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता में बनी सात प्रशासनिक और क़ानूनी विशेषज्ञों की एक प्रारूप समिति ने बनाया। भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया में संविधान सभा ने लगभग 60 देशों के संविधानों का गहन अध्ययन किया और विश्व के विभिन्न संविधानों में जो कुछ भारत हेतु उपयुक्त लगा, उसे भारतीय संविधान का हिस्सा बनाया। विस्तृत चर्चा के बाद भारतीय संविधान का मसौदा 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा के समक्ष लाया गया एवं संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था, हालांकि इसे 26 जनवरी 1950 से पूरे देश में लागू किया गया था। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के संविधान पर हस्ताक्षर करने वाले पहले व्यक्ति बने। भारतीय संविधान की रचना पर बात होने पर डॉ. अम्बेडकर के साथ-साथ संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार बेनेगल नरसिंह राऊ का नाम भी आता है, जिन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्ष 2015 से वर्तमान सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप में मानने का निर्णय किया। भारतीय संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर 2024 से सालभर स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अतः यह वर्ष विशिष्ट है। इस दिवस का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों में जागरूकता पैदा करना है। संविधान को अपनाने का स्मरण कर रहे हैं, जिसने न केवल दशकों से गणतंत्र की यात्रा को निर्देशित किया है, बल्कि कई अन्य देशों के संविधानों को भी प्रेरित किया है। वर्ष भर चलने वाले इस स्मरणोत्सव को 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के थीम के रूप में मनाया जाएगा। संविधान की प्रस्तावना भारतीय संविधान की आत्मा का वास है। प्रस्तावना संविधान का प्राण है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त और व्यापक परिचय है जो संविधान के दर्शन और उद्देश्यों को रेखांकित करती है। पूरे विश्व में यदि किसी संविधान की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तावना मानी गई है, तो वह हमारे देश की है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में ही स्पष्ट है कि संविधान की शक्ति सीधे जनता में निहित है। इसीलिए हमारे संविधान का प्रारंभ ही 'हम भारत के लोग' शब्दों से होता है। संविधान किन आदर्शों, आकांक्षाओं को प्रकट करता है, इसे संविधान उद्देशिका के 'हम भारत के लोग' शब्दों से स्पष्ट समझा जा सकता है। यह केवल शब्द नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति का एक तरह से जीवन दर्शन है। भारत का संविधान भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है जो अपने नागरिकों को न्याय, समानता एवं स्वतंत्रता का आश्वासन देता है तथा बंधुत्व को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। इसे अंगीकृत किए जाने के समय, संविधान में 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां थीं और इसमें लगभग 145,000 शब्द थे, जिससे यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान माना जाता है। संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद पर संविधान सभा के सदस्यों द्वारा बहस की गई, जिनकी संविधान के निर्माण के लिए अंतिम प्रारूप को पूरा करने में 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन लगे। इस अवधि में 11 सत्रों में और 167 दिनों की बैठक हुई। भारत का संविधान न तो मुद्रित है और न ही टंकित। यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में हस्तलिखित और सुलेखित है। इसे प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा द्वारा हस्तलिखित किया गया था। पूरे संविधान को हाथ से लिखने में उन्हें 6 महीने लगे और इस दौरान 432 निब घिस गई। यह मूल प्रतियां संसद में रखी हुई हैं। देश का संविधान नागरिकों को मौलिक अधिकार देता है, लेकिन मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्य का पालन करना हम भूल जाते हैं। हम सब मिलकर अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बनें तो भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफ़ेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है। सरिताएं, नद, तालाब, नवीन जल से परिपूर्ण हो जाते हैं।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैंने समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैंने सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं, ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भाजपा-कांग्रेस के लिए खट्टे-मीठे नतीजे

महाराष्ट्र में भाजपा की शानदार जीत, लेकिन झारखंड में आईएनडीआईए के पाले में गेंद आना भाजपा और कांग्रेस के लिए इन दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे कुछ खट्टे और कुछ मीठे रहे। बेशक महाराष्ट्र में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा लेकिन भाजपा को भी झारखंड में मिली हार का गंभीरता से मंथन करना चाहिए। आखिर वहां क्यों नहीं मोदी मैजिक चला? वहां क्यों नहीं मोदी का 'एक रहोगे तो सेफ रहोगे' का मंत्र काम आया? क्या मतदाता धर्म और जाति की भावनाओं से ऊपर उठकर अपने कीमती मत का प्रयोग करता है? दोनों दलों के लिए ये चुनाव मंथन के विषय छोड़ गए हैं। दोनों दलों को ऐसी नीति अपनानी पड़ेगी जिससे दोबारा हार का सामना न करना पड़े।

*- मंजीत बहल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### सहकार से समृद्धि



भारत ने हाशिये पर पड़े वर्ग के उत्थान के लिए सहकारी समितियों के अपने समृद्ध इतिहास को पुनर्जीवित किया है। आज पीएम नरेंद्र मोदी जी का 'सहकार से समृद्धि' का दृष्टिकोण दुनिया के लिए एक मिशन वक्तव्य है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सर्वे के नाम पर तनाव



सर्वे के नाम पर तनाव फैलाने की साज़िश का 'सर्वोच्च न्यायालय' तुरंत संज्ञान ले और जो अपने साथ सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के उद्देश्य से नारेबाज़ों को ले गये, उनके ख़िलाफ़ शांति और सौहार्द बिगाड़ने का मुक़दमा दर्ज हो, दंडात्मक कार्रवाई करे।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित



एक नेता को शांत रहना चाहिए और परिणाम से प्रभावित हुए बिना अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मन की इसी अवस्था को योग कहते हैं। परिणाम के बारे में सोचे बिना काम करते रहो।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### बच्चों को शोभा नहीं देता



शक्तिमान के ख़िलाफ़ ट्रोलिंग में देखने को मिला कि छोटी उम्र के बच्चों से चैनल चलवा कर ये साबित करने की गंदी कोशिश की गई कि शक्तिमान अब बूढ़ा हो गया है। अपने ही देश के पहले सुपर हीरो को बूढ़ा बताना आज के बच्चों को शोभा नहीं देता।
-मुकेश खन्ना, अभिनेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# हर दिन औसतन 140 महिलाओं की हत्या



महिलाओं के लिए घर ही सबसे घातक जगह बन गए हैं और संयुक्त राष्ट्र की दो एजेंसियों ने सोमवार को बताया कि पिछले वर्ष प्रतिदिन औसतन 140 महिलाओं तथा लड़कियों की हत्या उनके घरों में ही अंतरंग साथी या परिवार के सदस्य द्वारा की गई है। संयुक्त राष्ट्र महिला (यूएन वूमन) और संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएन ऑफिस ऑफ ड्रग्स एंड क्राइम) ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, 2023 के दौरान लगभग 51,100 महिलाओं और लड़कियों की मौत के लिए उनका अंतरंग साथी या परिवार का सदस्य जिम्मेदार रहा, जबकि 2022 में यह आंकड़ा अनुमानित तौर पर 48,800 था। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि हत्याओं के अधिक होने का नहीं बल्कि मुख्य रूप से देशों से अधिक आंकड़े उपलब्ध होने का परिणाम है। दोनों एजेंसियों ने इस बात पर जोर दिया कि 'हर जगह महिलाएं और लड़कियां लिंग आधारित हिंसा के इस चरम रूप से प्रभावित हो रही हैं और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। घर महिलाओं और लड़कियों के लिए सबसे खतरनाक जगह है।'

## ऑफ बीट

# हिमखंड समुद्र की सतह में ला सकते हैं उथल-पुथल



हिमखंड तब बनते हैं जब ग्लेशियरों और तैरती बर्फ की परतों से बर्फ के टुकड़े टूटते हैं। वे कई आकारों में मौजूद होते हैं, छोटी संरचनाएं जिन्हें 'ग्रोलर' कहा जाता है और 'बर्गी बिट्स' (जो समुद्र स्तर से 5 मीटर तक बढ़ी हुई होती हैं) के रूप में जाना जाता है, से लेकर बड़े हिमखंडों तक जिन्हें उपयुक्त रूप से 'विशालकाय' कहा जाता है। वर्ष 2000 में, अंटार्कटिका के सबसे बड़े हिमखंडों में से एक, जिसे बी-15 कहा जाता है, का सतह क्षेत्र लगभग जमैका के समान आकार का था। तब से, बी-15 कई छोटे टुकड़ों में टूट गया है और अधिकांश पिघल गए हैं। पहले से ही तैरती बर्फ की शेल्फ से टूटने वाले हिमखंड पिघलने पर समुद्र के पानी को विस्थापित नहीं करते हैं, जैसे बर्फ के टुकड़े पिघलने से एक गिलास में तरल स्तर नहीं बढ़ता है। लेकिन जब एक बर्फ की शेल्फ ढह जाती है, तो यह अंतर्देशीय हिमनदी बर्फ को रोक नहीं पाती है। यह अंतर्देशीय बर्फ तब तेजी से आगे बढ़ेगी और तेजी से नए हिमखंडों को छोड़ सकती है, जो समुद्र के पानी को विस्थापित करते हैं और समुद्र के स्तर में वृद्धि में योगदान करते हैं। 2022 में, अंटार्कटिका का कांगर बर्फ शेल्फ ढह गया।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत, 8 विकेट से बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच



30वां शतक कोहली का रहा खास

# पर्थ में भारत ने तोड़ा ऑस्ट्रेलिया का घमंड 295 रन की बड़ी और ऐतिहासिक जीत

एजेंसी ▶▶ पर्थ

भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने ▶▶शेष पेज 2 पर

161 रन बनाकर यशस्वी ने खींचा ध्यान



### बुमराह मैच के हीरो

जसप्रीत बुमराह ने असाधारण कप्तानी की और फ्रंट से टीम को लीड किया। जब मुश्किल में पड़े, उन्होंने विकेट निकालकर दिया। पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। बतौर कप्तान यह उनकी पहली टेस्ट जीत है।

### घर में गति और उछाल से डरे कंगारू

खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की तुलना में कम अनुभव वाली टीम इंडिया ने कंगारुओं को चौंकाया है। पर्थ की उछाल और गति वाली पिच पर मेजबान को उसके घर में डरा कर रखना शानदार बात रही।

## अजय मंडल को दिल्ली डेविल्स ने 30 लाख के बेस प्राइस में खरीदा

ऑक्शन के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी की लगी बोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल के सोमवार को हुए दूसरे दिन ऑक्शन में टीम दिल्ली डेविल्स ने छत्तीसगढ़ के स्टार खिलाड़ी अजय मंडल को 30 लाख के बेस प्राइस में खरीद लिया है। पिछले दो सालों से अजय को चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा था, लेकिन आईपीएल में अभी तक अजय को बैटिंग और बॉलिंग करने का मौका नहीं मिल पाया। रात 10: 30 बजे खबर लिखने तक ऑक्शन में शामिल छत्तीसगढ़ के 7 खिलाड़ियों में केवल अजय मंडल पर ही टीम ने बोली लगाई। बता दें कि रणजी और सीसीपीएल में अजय ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है, जिसकी वजह से दिल्ली ने भरोसा जताया ▶▶शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा में उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उच्च सदन के लिए उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया। इसमें महिलाओं को समान हिस्सेदारी दी गई है। पुनर्गठित पैनल में आठ सदस्य हैं जिनमें चार महिलाएं हैं।

### दीपम सेठ बने उत्तराखंड के नए डीजीपी



**देहरादून।** भारतीय पुलिस सेवा के 1995 बैच के अधिकारी दीपम सेठ को उत्तराखंड का नया पुलिस निदेशक नियुक्त कर दिया गया। अब तक 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार पुलिस महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

### 500 करोड़ की धोखाधड़ी, एक दर्जन ठिकानों पर ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित तौर पर 500 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के सिलसिले में कुछ रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली-एनसीआर में एक दर्जन परिसरों पर छापे मारे।

## गुजरात के बाद अंडमान : देश में ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी खेप बरामद

ऑपरेशन सागर मंथन-4 लॉन्च करके चलाया अभियान

# मछली पकड़ने वाली नाव में 5 टन ड्रग्स, सुरक्षा दलों ने घेरकर पकड़ा

*ड्रग्स तस्करों के खिलाफ भारतीय तटरक्षकों ने बड़ी कार्रवाई की है। अंडमान सागर से मछली पकड़ने वाली नाव से लाई जा रही 5 टन ड्रग्स जब्त किया है। इस मामले में 14 पाकिस्तानी नागरिक समेत कुल 25 लोगों को हिरासत में लिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने इसे अब तक बरामद की गई नशीली दवाइयों की सबसे बड़ी खेप होने का दावा किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अंडमान सागर में हो रही इस ड्रग तस्करी को रोकने भारतीय तट रक्षक, नौसेना और गुजरात पुलिस के आतंकरोधी दस्ते ने ज्वाइंट ऑपरेशन सागर मंथन-4 लॉन्च किया था। इसके खुफिया जानकारी के आधार पर अंडमान में एक विशेष जहाज की शिनाख्त की जिसे नौसेना के गश्त दलों ने पकड़ा, जिसमें ड्रग की बड़ी खेप की तस्करी की जा रही थी। तस्करी पर की गई इस बड़ी कार्रवाई की सराहना करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे सरकार की नशीली दवाओं के खिलाफ मजबूत प्रतिबद्धता और विभन्न एजेंसियों की बेहतर समन्वय का उदाहरण बताया है। यह बरामदगी ड्रग तस्करी और माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे बड़े अभियान का हिस्सा ▶▶शेष पेज 2 पर




### खास बातें

- म्यांमार की बोट में 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले
- भारतीय तट रक्षक, नौसेना और गुजरात पुलिस का संयुक्त अभियान

### ऐसे बिछाया जाल

24 नवंबर को कोस्टगार्ड के डोर्नियर एयरक्राफ्ट के रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान पायलट को यह बोट दिखाई दी थी। ड्रग्स स्मगलिंग का शक होने पर पायलट ने बोट के पास पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बोट की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगे।

### नशीली दवाइयों की तस्करी

2024 में अब तक समुद्री रास्ते से तस्करी कर लाए गए 3500 किलोग्राम नशीले पदार्थों को जब्त किया जा चुका है। इन कार्यवाहियों में 11 ईरानी और 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

### पहले 500 किलो किया था जब्त

इंडियन कोस्ट गॉर्ड और गुजरात एटीएस ने 15 नवंबर को गुजरात के पोरबंदर तट से 500 किलो ड्रग्स जब्त की थी। इसकी कीमत 700 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई थी।

### ड्रग्स की बड़ी तस्करी

- 2024 : दिल्ली क्राइम ब्रांच ने 30 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़ किया था, जिसमें 228 किलो गांजा जब्त किया था। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 1.14 करोड़ रुपए कीमत आंकी गई थी।
- 2021 : अप्रैल-2021 में 150 करोड़ रुपए की 30 किलो हेरोइन के साथ 8 पाकिस्तानियों को अरेस्ट किया गया था।
- 2020 : जनवरी-2020 में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 5 पाकिस्तानियों के पास 175 करोड़ रुपए की 35 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी।
- 2018 : अगस्त माह में जाम सलाया के 2 लोगों को 5 किलो हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। जांच में पता चला था कि पाकिस्तान से 100 किलो हेरोइन की तस्करी करके भारत लाई गई थी, बाद में इसे जब्त कर लिया गया था।
- 2017 : जुलाई माह में गुजरात के समुद्री किनारे पर एक व्यापारी जहाज से 1500 किलो हेरोइन जब्त की गई थी।

## संविधान दिवस पर आज पूरी कैबिनेट के साथ पैदल चलेंगे सीएम साय

- संविधान को लेकर छत्तीसगढ़ में साल भर होंगे कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय संविधान का 75वां वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को राजधानी रायपुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पदयात्रा पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय के सभागार में संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन के बाद शुरू होगी। यह पदयात्रा चिकित्सा महाविद्यालय कलेक्टोरेट परिसर से ▶▶शेष पेज 2 पर

### वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ में संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राज्य के स्कूल, कॉलेज और ग्राम पंचायतों में सालभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' ▶▶शेष पेज 2 पर

### लोगों को बताए जाएंगे मौलिक अधिकार

*ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का भी आयोजन होगा, जिसमें नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा और समझाया जाएगा। इस मौके पर जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। संविधान सभा के सदस्यों से जुड़े गांवों में, जिसमें संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष जोर देते हुए विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे।*

## संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- अदाणी, मणिपुर और संभल हिंसा पर हंगामा

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कुछ मौजूदा व पूर्व सांसदों के निधन पर मौन सहित श्रद्धांजलि के बाद अडाणी, मणिपुर और संभल हिंसा मामले को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे की वजह से लोकसभा में कोई विधायी कार्य नहीं हुआ ▶▶शेष पेज 2 पर

### पीठासीन अध्यक्ष की अपील बेअसर

एक बार के स्थगन के बाद जैसे ही 12 बजे पीठासीन अध्यक्ष संध्या राय ने संसद के निचले सदन की कार्वाई की पुनः शुरुआत करनी चाही तो कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने एक बार फिर से अडाणी, मणिपुर और संभल हिंसा मामले पर सरकार को घेरने के इरादे के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया।

### यूं होगा संविधान दिवस का विशेष समारोह

26 नवंबर को संविधान दिवस के विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति सुबह 11 बजे केंद्रीय कक्ष पहुंचेंगी। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे।

संभल हिंसा मामले में बड़ी

## सांसद समेत सात पर केस 2750 आरोपी, 25 गिरफ्तार



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क और संभल सदर सीट से सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में अब तक कुल सात मुकदमे दर्ज करके 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में छह नामजद और 2750 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

## पैन में लगेगा क्यूआर कोड, फ्री में होगा अपडेट

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1,435 करोड़ की पैन 2.0 परियोजना को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को 1,435 करोड़ रुपए की 'पैन 2.0' परियोजना शुरू करने की घोषणा की। मौजूदा पैन के नंबर को बदले बिना कार्ड एडवांस किए जाएंगे। नए पैन कार्ड क्यूआर कोड वाले होंगे। इसके लिए पेपरलेन यानी



ऑनलाइन प्रोसेस अपनाई जाएगी। लोगों को क्यूआर कोड वाले पैन के लिए अलग से खर्च करने की जरूरत नहीं होगी। नए पैन में डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में 1,435 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ आयकर विभाग की पैन 2.0 परियोजना को मंजूरी दी गई।

### इन पर भी मुहर

*केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन नए रेलवे प्रोजेक्ट, किसानों के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, युवाओं-छात्रों के लिए 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' और अटल इनोवेशन मिशन 2.0 को मंजूरी को भी मंजूरी दी गई है।*

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र-राज्यों से मांगा जवाब

## स्कूली पाठ्यक्रम में हो विधि शिक्षा और सेल्फ डिफेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी शिक्षा और आत्मरक्षा प्रशिक्षण को स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल करने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों से सोमवार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र, राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों की सरकारों को नोटिस जारी कर याचिका पर चार हफ्ते के भीतर अपने जवाब दाखिल करने को कहा।

### बच्चों के खिलाफ बढ़ रहे आपराधिक मामले

याचिका के मुताबिक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की "भारत में अपराध 2022" शीर्षक वाली रिपोर्ट से पता चलता है कि 2022 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.62 लाख मामले दर्ज किए गए, जो 2021 के मुकाबले 8.7 फीसदी अधिक हैं। कानूनी शिक्षा और आत्मरक्षा प्रशिक्षण बच्चों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकता है।



## जैकेट के शेष

### अब छात्रों को लूटने...

उसके माध्यम से पैसे रविवि के अकाउंट में ना जाकर फर्जी वेबसाइट बनाने वाले ठगों के खाते में जाते। मजे की बात यह है कि रविवि की आधिकारिक वेबसाइट और नकली वेबसाइट में मात्र डॉट (.) और डेश (-) का ही अंतर है। रविवि की आधिकारिक वेबसाइट **https://www.prsu.ac.in/** है, जबकि फर्जी वेबसाइट **https://www.prsu-ac.in/** है। इस कारण बड़ी संख्या में छात्र इससे भ्रमित भी हुए। रविवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में इससे संबंधित सूचना चस्पा की है। वहीं साइबर सेल ने रविवि से मिलते-जुलते फर्जी वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है लेकिन किसने यह वेबसाइट बनाई है, इसकी जांच नहीं की गई है।

### ढाई-ढाई साल का...

ने हाल में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी, जबकि विपक्षी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) को सिर्फ 46 सीट मिलीं। भाजपा द्वारा सबसे अधिक 132 सीट जीतने के बाद फडणवीस के मुख्यमंत्री पद का दावेदार होने की अटकलें लगने लगीं। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीट पर जीत हासिल की। सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना प्रवक्ता म्हस्के ने कहा कि शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में बने रहना चाहिए। लोकसभा सदस्य ने कहा, हमें लगता है कि शिंदे को मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे बिहार में भाजपा ने संख्याबल पर ध्यान नहीं दिया और जद (यू) नेता नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। महायुति (महाराष्ट्र में) के वरिष्ठ नेता अंतिम फैसला लेंगे। म्हस्के ने महाराष्ट्र की स्थिति की तुलना हरियाणा से की, जहां भाजपा ने हाल ही में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में चुनाव शिंदे, फडणवीस और अजित पवार के नेतृत्व में लड़ा गया था। यह दर्शाता है कि गठबंधन के नेतृत्व का सम्मान किया जाना चाहिए। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने कहा कि पार्टी जल्द ही अपने विधायकों की बैठक करेगी। दानवे ने कहा, राकांपा ने अजित पवार (विधानसभा में अपने नेता के रूप में) को चुना है, और इसी तरह शिवसेना ने भी (शिंदे को अपने नेता के रूप में चुना है)। भाजपा जल्द ही अपने विधायकों की बैठक बुलाएगी। यह स्पष्ट है कि भाजपा मुख्यमंत्री का पद चाहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी की आंतरिक चर्चा के बाद अंतिम निर्णय के बारे में केंद्रीय नेतृत्व को सूचित किया जाएगा। फडणवीस ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी विवाद से इनकार करते हुए कहा था कि महायुति के नेता मिलकर इस मुद्दे पर फैसला करेंगे।

### सीजीपीएससी के पूर्व...

के लिए सोनवानी के करीबी एनजीओ को सीएसआर फंड से 45 लाख दिए थे। जिस एनजीओ में पैसे डाले गए, उसकी चेयरमैन टामन की पत्नी है। उसी के जरिए पैसे सोनवानी को पहुंचे। इसकी पुष्टि होने के बाद सीबीआई ने सोनवानी तथा गोयल के खिलाफ कार्रवाई की। यह रकम पीएससी भर्ती के सेलेक्शन के दौरान दो बार में 20 और 25 लाख रुपए दिए गए। **विवादों में रही भर्ती परीक्षा** : सीजीपीएससी 2019 से 2022 के दौरान आयोजित भर्ती परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। परीक्षा को लेकर ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार, अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है। पीएससी ने 2020 में 175 पदों पर और 2021 में 171 पदों पर परीक्षा ली थी। इन्हीं भर्तियों को लेकर ज्यादा विवाद है। आरोप है कि तत्कालीन अध्यक्ष सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है।

### सरकारी शौचालय की...

शौचालय अभियान का एक हिस्सा है। इसके पीछे वजह ये है कि शौचालयों का मूल्यांकन किया जाए और वहां सफाई के साथ सुधार किया जाए। खास बात ये है कि अभियान के तहत शौचालयों में साईन बोर्ड लगाए जाएंगे और उनकी ब्रांडिंग भी होगी। **शौचालयों का होगा मूल्यांकन और सुधार** : इस अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा नगरीय निकायों को सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों का शहर व्यापी पारदर्शी मूल्यांकन मापदंड के अनुसार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसमें स्व सहायता समूह, सामुदायिक समूहो, ट्यलिप, इंटर्नस, एनजीओ को शामिल किया जाएगा, ये मूल्यांकन का काम करेंगे। इसके बाद नगरीय निकायों द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी। स्वच्छ शौचालय के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों, यूरिनल, पर स्वच्छता अभियान, रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण के लिए नगरीय निकायों को प्राथमिकता के आधार पर रकरने कहा गया है।

### शौचालयों की ब्रांडिंग भी...

अभियान के तहत नगरीय निकायों को शौचालयों के संचालन एवं संधारण मॉडल की रूपरेखा तथा उचित साइन बोर्ड एवं ब्रांडिग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस काम के लिए ओएंडएम मॉडल तैयार किया गया है। यह काम स्व सहायता समूह, एनजीओं या अन्य एजेंसियों के माध्यम से कराया जाएगा। इसके अलावा निकायों द्वारा बीएंडओएंडटी (बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर) पद्धति से शौचालयों का संचालन, संधारण(ओएंडएम) किया जाएगा। इसी क्रम में शौचालयों में साफ सफाई की जिम्मेदारी सेवा प्रदाता एजेंसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। नागरिकों की प्रतिक्रिया लेने के लिए माय टायलेट एप बनाया गया है। जिसमें शौचालय की स्थिति पर उपयोगकर्ता की रियलटाइम प्रतिक्रिया दर्ज की जाएगी।

### ऑक्सीजन न मिलने से...

कोरबा मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया लेकिन महिला को जब संजीवनी वाहन में कोरबा लाया जा रहा था तो वाहन में ना ही ऑक्सीजन था और ना ही किसी अन्य तरह की सुविधा थी। अस्पताल की दहलीज पर पहुंचते ही प्रसव पीड़ित महिला की मौत हो गई। कुछ देर बाद ही उसके दोनों नवजात जुड़वां बच्चों की भी मौत हो गई। एक साथ मां और दो बच्चों की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है तो वहीं दूसरी ओर सरकारी सिस्टम पर भी सवाल उठने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोगीपाली में बिहारी लाल राठिया का परिवार निवास करता है। बताया जाता है कि बिहारी लाल राठिया की 30 वर्षीय पत्नी कांतिबाई राठिया गर्भवती थी। रविवार की सुबह कांतिबाई राठिया के पेट में दर्द होने पर उसने इसकी जानकारी अपने पति बिहारी लाल को दी थी। जिसके बाद उसने इसकी सूचना गांव में रहने वाले सुईन (बाई) को इसकी सूचना दी गई थी। जिसके बाद कुछ देर बाद ही कांतिबाई ने अपने घर में ही दो नवजात जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था लेकिन बच्चों के जन्म के साथ ही उसके पेट का दर्द रुक नहीं रहा था और उसके पेट में अवसाद रुका हुआ था। रामपुर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नर्स को इसकी जानकारी हुई तब नर्स की एक टीम बिहारी लाल के घर भी पहुंची थी। जहां उनके द्वारा कांतिबाई के पेड़ में फंसे अवसाद को बाहर निकालने का भी प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसके बाद कांति बाई को उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया लेकिन वहां उसकी बिगड़ती हालात को देखते हुए उसे कोरबा मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया था। जहां संजीवनी 108 की मदद से कांतिबाई राठिया को कोरबा लाया जा रहा था लेकिन कांतिबाई को सांस लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बिहारी लाल के मुताबिक जिस वाहन में कांति बाई को कोरबा लाया जा रहा था, उस वाहन में ऑक्सीजन की भी सुविधा नहीं थी। जैसे ही कांतिबाई कोरबा मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंची तब उसे जनरल वार्ड में ले जाया गया, जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे आईसीयू में शिफ्ट करने की कोशिश की जा रही थी। कुछ देर बाद ही शांतिबाई की मौत हो गई। साथ ही कुछ ही क्षणों बाद कांतिबाई ने जिन जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था उन बच्चों ने भी दम तोड़ दिया।

### संजीवनी में नहीं थी...

संभवतः उसकी मौत हुई है। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की जांच की जा रही। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि कांति बाई की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।

## पेज एक के शेष

### पर्थ में भारत ने तोड़ा...

अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पर्थ (वाका, 2008), एडिलेड (2008), गाबा (2021) और अब पर्थ (ऑप्टस)...भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ ऐतिहासिक मैच जीते हैं। **मैच का हाल** : पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई। भारत ने मैच 295 रन से जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी भारत ने छह विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुछ बढ़त 533 रन की हासिल की थी।

### अजय मंडल को दिल्ली डेविल्स ने ...

है। अब आईपीएल में छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम से दो खिलाड़ी नजर आएंगे। पंजाब ने पहले ही अपने स्टार खिलाड़ी शशांक सिंह को 5 करोड़ में रिटेन कर लिया है। इस बार अजय भी दिल्ली की ओर से बैटिंग करने नज़र आएंगे। खबर लिखे जाने तक ऑक्शन में आयुष पांडेय, शुभम अग्रवाल,अमनदीप खरे, प्रतीक यादव,आशीष डहरिया और प्रशांत पैकरा का नंबर नहीं आथा। ज्यादातर टीमों के पास भी 10 से 50 लाख ही बचे हुए थे। ऐसे में इस बार इन खिलाड़ियों पर बोली लगने की उम्मीद कम हो चुकी है।

### मछली पकड़ने वाली नाव...

है। इससे पहले महीने के शुरुआत में नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने गुजरात तट से 700 किलो मेथामफेटामाइन (मिथ) बरामद किया था। बता दें कि इस कार्रवाई में आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। भारतीय जलक्षेत्र में हो रही इन घटनाओं से ये स्पष्ट है कि समुद्री मार्ग के जरिए नशीली दवाओं का व्यापार बढ़ता ही जा रहा है जिसे रोकने के लिए सरकार लगातार गंभीर कदम उठा रही है।

### संविधान दिवस पर आज पूरी कैबिनेट के...

आंबेडकर चौक तक निकाली जाएगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री, कई विधायक और सीनियर नेता शामिल होंगे। इस दौरान लोगों को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जाएगी। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे छत्तीसगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। **कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा** : स्कूलों और कॉलेजों में संविधान के प्रावधान, संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत तथा नवीनतम संशोधन आदि विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही नवीनतम तथा प्रमुख संशोधनों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### वाद-विवाद एवं भाषण...

का टैगलाइन निर्धारित किया गया है। स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति गांवों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान, जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं होंगी, उन पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा।

### संसद के शीतकालीन सत्र के पहले...

और सदन की कार्रवाई को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजकर 2 मिनट पर बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सुबह 11 बजे सदन की कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पांच पूर्व सदस्यों के निधन पर दुख जताते हुए दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि के बाद विपक्षी हंगामे की वजह से कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पीएम के आगमन पर भाजपा सांसदों ने महाराष्ट्र विधानसभा में मिली प्रचंड जीत का श्रेय उन्हें देते हुए मोदी, मोदी के नारे लगाए।

**शीर्ष कोर्ट ने कहा, बॉर्डर पर प्रदूषण जांच के लिए चेक पोस्ट नहीं लगाना एक गंभीर चूक**

# दिल्ली में जारी रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां, पुलिस को फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम को लेकर लगातार कोशिशें जारी हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को प्रदूषण नियंत्रण में लापरवाही के लिए फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत सोमवार को कहा कि दिल्ली बॉर्डर पर प्रदूषण जांच के लिए चेक पोस्ट नहीं लगाना एक गंभीर चूक है। जस्टिस ए.एस. ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वे दिल्ली पुलिस कमिश्नर के खिलाफ सीएक्यूएम एक्ट के तहत कार्रवाई पर विचार करेंगे। 18 नवंबर को जीआरएपी-4 लागू होने पर सभी जगहों के बजाय सिर्फ 23 जगहों पर ही पुलिस तैनात की गई थी।

### ग्रैप-4 की पाबंदियों में ढील से इंकार

वायु प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में ग्रैप-4 की पाबंदियों में ढील देने से इनकार कर दिया। स्कूल खुलने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) को छात्रों के लिए नियमों में ढील देने पर विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीएक्यूएम स्कूलों को फिर से खोलने पर विचार करे। कई छात्रों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही छात्र ऑनलाइन क्लास और एयर प्यूरीफायर का भी फायदा नहीं उठा पा रहे।

### स्कूल खोलने पर तुरंत फैसला करे सीएक्यूएम

*दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में स्कूल खोलने का फैसला कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) पर छोड़ दिया है। वहीं, जीआरएपी-4 के प्रावधान में ढील से पहले तक सभी राज्य सरकारें मजदूरों को भत्ता देंगी। अदालत ने कहा, सीएक्यूएम मंगलवार तक तय करे कि स्कूल खुलेंगे या नहीं। सीएक्यूएम स्कूलों और एजुकेशन इंस्टिट्यूशन के लिए राहत पर विचार करे, क्योंकि कुछ छात्रों को स्कूल और आंगनबाडी बंद होने से मिड डे मिल नहीं मिल रहा। बहुत स्कूलों में पढ़ाई के लिए ऑनलाइन फैसिलिटी नहीं है।*

### दिल्ली सरकार और पुलिस पर उठाए सवाल

*सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि ग्रैप-चार के तहत पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश क्यों नहीं दिया गया? हम सभी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने का निर्देश देंगे। जब दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वकील शादान फरासत ने कहा कि सीएक्यूएम ने निर्देश जारी किए थे, तो कोर्ट ने उनसे पूछा कि 18 नवंबर को राज्य और केंद्र सरकार ने पुलिस को क्या लिखित निर्देश दिए थे, यह दिखाएं। फरासत ने तब कहा कि 23 चेकप्वांइट्स पर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश जारी किए गए थे, जहां से ट्रक शहर में एंट्री कर सकते हैं।*

# लोकसभा सदस्य के रूप में जल्द शपथ लेंगी प्रियंका गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केरल के वायनाड से उप-चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोमवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ नहीं ली। शुरुआत में यह कयास लगाए जा रहे थे कि प्रियंका संसद की कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही शपथ लेकर सदन की सदस्य बनेंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों ने कहा कि प्रियंका गांधी 27 या 28 नवंबर को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकती हैं। संसदीय कार्रवाई की शुरुआत के कुछ दिन बाद नए सदस्यों के शपथ लेने के पीछे सूत्र सरकार के संसदीय प्रोटोकॉल और मंगलवार को केंद्रीय कक्ष में आयोजित किए जाने वाले संविधान दिवस समारोह को वजह बता रहे हैं। जिसके चलते संसद के दोनों सदनों में विधायी कार्रवाई नहीं होगी। इसलिए 26 नवंबर को वह शपथ नहीं ले सकेंगी।

### राहुल गांधी ने खाली की थी वायनाड की सीट

इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली और वायनाड दोनों लोकसभा सीटों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद एक संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करने के नियम के चलते उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी थी। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को दक्षिण भारतीय राज्य से चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया। चुनाव में प्रियंका ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के सत्यन मोकेरी को 4.10 लाख मतों से हराया। वायनाड के अलावा महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा सीट के लिए भी उप चुनाव हुआ था। यहां भी कांग्रेस को जीत मिली और पार्टी नेता रविंद्र चव्हाण ने भाजपा के संतुक हंबार्डे को 1 हजार 467 वोट से हराया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

निविदा सूचना

क्र. 18/न.पा.नि./जल विभाग/2024-25 — दिनांक 25/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 16/12/2024 को सायं 05:30 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम के सभी जोन क्षेत्र के वार्डों में आर सी सी वाल्व चेम्बर निर्माण एवं मरम्मत एवं सिविल कार्य। | 8.67 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**MUNICIPAL COUNCIL, BHATGAON**
**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

SYSTEM TENDER NO: 161669 NIT NO 894 — BHATGAON, dated 25-11-2024

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 25-11-2024 at 5:00 PM

| Sl. No. | Description | EMD/Cost of Tender Form /TDR/FDR |
|---|---|---|
| 1 | STREET LIGHT POLE EXTENTION AT OLD BUS STAND TO SHANI MANDIR IN WARD NO 02&06 [Electrical SOR 01.06.2020] | Rs. 26.32 LAC |
| 2 | STREET LIGHT POLE EXTENTION AT ADHBANDHA TALAB PAAR EAST SIDE IJ WARD NO 02 [Electrical SOR 01.06.2020] | Rs. 20000/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 25-11-2024 at 5:00 Hours. (IST) onwards. For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON

**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला - बालोद (छ.ग.)**

क्र./1012/ लो.नि.वि./न.प./2024-25 — गुरूर, दिनांक 25.11.2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य की कुल संख्या 10 नग | 33.84 | 09.12.2024 |

**टीप** -उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। निविदा संबंधी संशोधन सूचना केवल विभागीय वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर

**पूर्व तट रेलवे**

(1)निविदा सं.SANDT-CAMC_CIB_TIB_CHE

कार्य का नाम: 02(दो) वर्षों के लिए वाल्टियर मण्डल के श्रीकाकुलम रोड में कोच गाइडन्स डिसप्ले बोर्ड, सिंगल लाइन TIB, मल्टि लाइन TIB एवं AGDB के लिए व्यापक वार्षिक रख-रखाव ठेका।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में): 10,41,468/-, EMD (रुपये में): 20,800/-, निविदा दस्तावेज की लागत (रुपये में): 2,360/-।

(2)निविदा सं.CAMP_PA_VSKP_VZM_CHE_RGDA,

कार्य का नाम: 02(दो) वर्षों के लिए वाल्टियर मण्डल के विशाखापट्टनम, विजयनगरम, रायगड़ा एवं श्रीकाकुलम रोड में सिंगल लाइन डबल फेस्ड एट ए ग्लान्स डिसप्ले बोर्ड (AGDB), मेन डाटा कम्युनिकेशन हब (MDCH), प्लेटफॉर्म डाडा कम्युनिकेशन हब (PDCH), UPS 5 KVA, LED आधारित कोच गाइडान्स डिसप्ले बोर्ड (CGBD)के लिए व्यापक वार्षिक रख-रखाव ठेका।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में): 44,49,646/-, EMD (रुपये में): 89,000/-, निविदा दस्तावेज की लागत (रुपये में): 3,540/-।

पूरा होने की अवधि: 24 महीने (दोनों निविदा हेतु)।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 28.11.2024 (दोनों निविदा हेतु), निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 12.12.2024 को 1700 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

डिवीजनल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर(टेलीकॉम)/ वाल्टियर

PR-756/P/23-24

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार जिला- बलौदाबाजार -भाटापारा (छ.ग.)**
**Tel.No.07727-223138**
**E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com**

क्रमांक/1653/रा.वि./न.पा./2024 — बलौदाबाजार, दिनांक 25.11.2024

**// संशोधित दुकान नीलामी सूचना //**

सर्व संधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के स्वामित्व अधीन निर्मित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स पुराने मण्डी रोड शौपिंग कॉम्पलेक्स की आरक्षण वर्ग अनुसार दुकान की नीलामी दिनांक 02.12.2024 दिन सोमवार को नगर भवन में दोपहर 12:00 बजे से किया जावेगा। अतः इच्छुक बोलीदार आरक्षण वर्ग अनुसार जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं मूलप्रति (अनारक्षित को छोडकर तथा नो ड्यूस कर बकाया) प्रमाण-पत्र सहित दिनांक 28.11.2024 दिन गुरुवार शाम 5:30 बजे तक आवेदन शुल्क 5000/- रू जमा कर प्रस्तुत कर सकते है एवं दिनांक 29.11.2024 दिन शुक्रवार तक अमानत राशि 1.00 लाख रूपये जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। अमानत राशि बोली तिथि को नहीं लिया जावेगा। इस आशय की विस्तृत जानकारी नियम शर्तें कार्यालयीन समय में निकाय के राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

| आरक्षण का विवरण | | | दुकानों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | आरक्षण की स्थिति | आरक्षित दुकान क्रमांक | नीलामी दुकान की संख्या क्रमांक एवं कुल क्षेत्रफल | | प्रिमियम राशि प्रति दुकान साईज के अनुसार |
| 1 | अनारक्षित 05 दुकान | अनारक्षित- दुकान क्रं. 01, 09, 11, 14 एवं 18, | 8 दुकान (दुकान क्र. 01, 02, 03, 08, 09, 10, 11 एवं 14) | 216 वर्गफीट | 1048248.00 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति 01 दुकान | अनुसूचित जनजाति दुकान क्रं. 02 | 1 दुकान (दुकान क्र. 18) | 244.80 वर्गफीट | 1188014.00 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग 02 दुकान | अन्य पिछड़ा वर्ग दुकान क्रं. 03 एवं 10 | 1 दुकान (दुकान क्र. 27) | 226.80 वर्गफीट | 1100660.00 |
| 4 | भूतपूर्व सैनिक 01 दुकान | भूतपूर्व सैनिक दुकान क्रं. 08 | | | |
| 5 | विधवा 01 दुकान | विधवा दुकान क्रं. 27 | | | |

टीप- निर्धारित तिथि में किसी अपरिहार्य कारणों से नीलामी नहीं होने की स्थिति में आगामी तिथि को नियत समय में नीलामी की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उरला**

**// बिजली बंद की सूचना //**

(संचा./संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. उरला के अंतर्गत भनपुरी जोन के समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक रखरखाव एवं विस्तार कार्य हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भनपुरी से निकलने वाले सभी 11 केव्ही. विद्युत प्रवाह दिनांक 26.11.2024, दिन मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे से शाम 05:00 बजे तक बंद रहेगा। आवश्यकता के अनुरूप समय में आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | उपकेन्द्र / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र/ उपभोक्ता | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 सबस्टेशन भनपुरी<br>1. 11 के. व्ही. धनलक्ष्मी इण्ड.<br>2. 11 के.व्ही. उरकुरा<br>3. 11 के.व्ही जुटमील<br>4. 11 के. व्ही. टिम्बर मार्केट<br>5. 11 के. व्ही. 9 ब्लॉक ओल्ड<br>6. 11 के.व्ही. 9 ब्लॉक न्यू<br>7. 11 के. व्ही. धनलक्ष्मी बस्ती<br>8. 11 के. व्ही. MPSRTC<br>9. 11 के.व्ही. AIR | आकाशवाणी टावर, अडवानी कॉलोनी, व्यास तालाब, गाजी नगर, अडवानी स्कूल, सी.एस.ई.बी कॉलोनी, सुमीत बाजार, डी. एम. टावर, मठपारा बिरगांव, कैलाश नगर, अकाश नगर, सम्पूर्ण उरकुरा बस्ती व इण्ड, सिपेट कॉलेज, MSME आफिस, उरकुरा रेल्वे स्टेशन, 9 ब्लॉक गार्डन, दुर्गा मंदिर भनपुरी, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, बग्गा मशनरी, रायपुर मशनरी, खपरा भट्टी, जलाराम धर्मकाटा के आसपास का एरिया | 26.11.2024 दिन मंगलवार | सुबह 11.00 से शाम 05.00 बजे |

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएँ।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

असुविधा के लिए खेद है

कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., उरला

S- .........


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5703



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5702 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5715

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल- 5714 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# योग्य लड़का मिलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने लंबे समय बाद पर्दे पर कमबैक करके 'एक्सपाइरी डेट' वाले मिथ को तोड़ दिया है। 48 साल की अदाकारा ने कहा है कि अब वह अगले दो दशक तर इसी इंडस्ट्री में रहेंगी। पिछले कुछ साल से वह दिल्ली, मुंबई और लॉस एंजेलिस यात्रा कर रही हैं। मल्लिका ने एक इंटरव्यू में अपने काम-धाम से लेकर बोटॉक्स और अफेयर-ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की है। बताया है कि उन्हें एक योग्य आदमी मिलना मुश्किल है। मल्लिका शेरावत ने खुद को सिंगल बताया। कहा कि उनका ब्रेकअप हो चुकी है। उनके मुताबिक, पर्सनल लाइफ में वह सही आदमी की तलाश में हैं। 'आज के वक्त और आज के जमाने में एक काबिल आदमी ढूंढना मुश्किल है।' मल्लिका फ्रांसीसी नागरिक सिरिल ऑक्सेनफैंस को डेट कर रही थीं। वह बोलीं, 'हमारा ब्रेकअप हो गया... मैं वास्तव में इसके बारे में बात नहीं करना चाहती।'



## किसी भी रिश्ते में यदि सम्मान-प्यार नहीं है तो कोई मायने नहीं रह जाते

# दीपिका से लेकर शाहरुख तक, क्या है सितारों की खुशहाल शादी का राज

*नई दिल्ली। कई बॉलीवुड कपल्स हैं, जो एक खुशहाल शादी-शुदा जिंदगी जी रहे हैं। इनकी सफल शादी का क्या राज क्या है? कैसे यह एक-दूसरे के साथ खुशी-खुशी रहते हैं। इसके लिए वह कुछ खास बातों को अमल में लाते हैं। हाल ही में जावेद अख्तर ने शादी को लेकर एक बयान दिया। जिसमें पहले वह शादी को बेकार की बात कहते हैं, साथ ही सफल शादी के लिए जरूरी बातें भी बताते हैं। उनका मानना है कि किसी भी रिश्ते में चाहे, वह शादी ही क्यों ना हो, अगर उसमें सम्मान नहीं है, नहीं तो प्यार के भी कोई मायने नहीं रह जाते हैं। वह कपल्स को सलाह देते हैं कि पति-पत्नी से अधिक एक- दूसरे के दोस्त बनिए। कुछ ऐसी ही सलाह कई बॉलीवुड कपल्स भी अपने शादी-शुदा जिंदगी में लागू करते हैं। जानिए, ऐसे ही चार बॉलीवुड के शादी-शुदा जोड़ों के बारे में।*

**दीपिका -रणवीर :** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की शादी को लगभग 6 साल हो चुके हैं। यह दोनों एक-दूसरे को बहुत प्यार करते हैं। हाल ही में यह दोनों माता-पिता भी बने हैं। इनकी खुशहाल शादी-शुदा जिंदगी की बात करें, तो यह दोनों एक-दूसरे को दोस्त अधिक मानते हैं। एक बार रणवीर सिंह ने कहा था कि जब दीपिका के साथ घर पर होते हैं, तो बिल्कुल दोस्त की तरह रहते हैं। अपने मन की हर बात उनसे साझा करते हैं। इसके अलावा दोनों एक ही इंडस्ट्री से हैं, तो कई सारी बातें भी आराम से डिस्कस कर लेते हैं।



**अनुष्का शर्मा-विराट कोहली :** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली भी एक परफेक्ट कपल है। इन दोनों की शादी का राज इनके व्यवहार में छिपा हुआ है। यह दोनों एक-दूसरे के साथ खूब वक्त बिताते हैं। इन दिनों तो यह दोनों अपने बच्चों के साथ लंदन में ज्यादा रहते हैं। अपने काम से लंबा ब्रेक लेकर एक साथ खूब सारा समय गुजारते हैं। अनुष्का ने भी एक बार कहा था कि वह विराट के साथ बहुत सारा समय बिताने की कोशिश करती हैं।





**कैटरीना कैफ-विक्की कौशल :** कैटरीना कैफ का किसी रिश्ते को सफल बनाने का अलग ही फंडा है। वह एक इंटरव्यू में कहती हैं कि हमें कभी भी अपने पार्टनर पर खुद की खुशी की जिम्मेदारी नहीं डालनी नहीं चाहिए। वह मानती हैं कि कपल्स को एक-दूसरे को पूरा स्पेस और रिस्पेक्ट देनी चाहिए।



**शाहरुख खान-गौरी खान :** शाहरुख खान और गौरी खान को बॉलीवुड का पावर कपल माना जाता है। शाहरुख अपनी खुशहाल शादी का राज कई बार मीडिया और दर्शकों से साझा करते हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि वह वही काम करते हैं, जो गौरी को खुशी देता है। इसके अलावा जब वह घर लौटते हैं, तो कितना भी थके हुए हों, लेकिन गौरी और परिवार के साथ समय जरूर बिताते हैं।

# 38 भाषाओं में 5000 गाने प्रेग्नेंसी में गाया 1 गाना....

*नई दिल्ली। सिंगर हेमलता ने महज 13 साल की उम्र में अपना पहला फिल्मी गाना रिकॉर्ड किया था। उन्होंने अपने करियर में 38 भाषाओं में पांच हजार से ज्यादा गाने गाए। भारत में जिन भी भाषाओं और बोलियों में फिल्में बनीं, हेमलता ने उन सभी में गाने गाए हैं। महान संगीतकार नौशाद ने एक बार कहा था, 'हेमलता में लता मंगेशकर की आवाज के गुण और नूरजहां की मासूमियत है।' एसडी बर्मन ने अपने बेटे राहुल देव बर्मन से एक बार कहा था, 'मैं पहले हेमलता से गाना गवाऊंगा, तुमसे नहीं।' हेमलता उन दुर्लभ कलाकारों में से एक थीं, जिनमें लता मंगेशकर के वर्चस्व को चुनौती देने की क्षमता थी। हेमलता की खूबसूरत गायकी की झलक पानी है, तो फिल्म 'नदिया के पार' में उनकी आवाज में रिकॉर्ड हुआ मशहूर गाना 'कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया' सुन लीजिए, जिसे उन्होंने बहुत मुश्किल हालात में बड़ी खूबसूरती से गाया था। दरअसल, जब यह गाना रिकॉर्ड हुआ था, तब हेमलता गर्भवती थीं और उनकी डिलीवरी की तारीख पहले ही निकल चुकी थी। यह खास बात उन्हें एकमात्र गायिका बनाती है, जिन्हें अपने जीवन के सबसे अहम पलों में कालजयी क्लासिक को रिकॉर्ड करने का सम्मान मिला।*



***लता मंगेशकर के साथ होती थी तुलना :*** *हेमलता ने मशहूर सिंगर येसुदास के साथ कई यादगार हिंदी गाने गाए। बचपन में हेमलता को 'बेबी लता' कहा जाता था और किशोरावस्था में उन्हें 'दूसरी लता' कहा गया। दिलचस्प बात है कि जिन फिल्म निर्माताओं को लता मंगेशकर की फीस बहुत ज्यादा लगती थी या जिन्हें लता मंगेशकर की डेट्स नहीं मिल पाती थीं, उनके लिए हेमलता पसंदीदा कलाकार बन गईं। वे उनकी 'लता' थीं। प्लेबैक सिंगर हेमलता की बायोग्राफी 'दास्तान-ए-हेमलता' का विमोचन 23 नवंबर शनिवार को दिल्ली में साहित्य आजतक मंच पर किया गया. यह किताब मशहूर पत्रकार डॉ. अरविंद यादव ने लिखी है। इसमें हेमलता के जीवन से जुड़े कई दिलचस्प किस्से हैं। इनमें कुछ ऐसे भी किस्से हैं जिनके बारे में उनके करीबियों को भी नहीं पता था।*

# वो सुपरस्टार, जिसने ऑटो पर चिपकाए अपनी फिल्म के पोस्टर खाई ड्राइवर्स की डांट, रिलीज होते ही हुई ब्लॉकबस्टर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आज के सुपरस्टार को अपनी पहली फिल्म के लिए स्ट्रगल करते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो दिखाता है कि आप भले ही फिल्मी बैकग्राउंड से आते हों, स्टार किड हों, लेकिन मेहनत तो फिर भी करनी पड़ती है। इस वीडियो में एक्टर को अपनी पहली फिल्म के पोस्टर को ऑटो रिक्शा पर चिपकाते हुए देखा जा सकता है। वह ऑटो ड्राइवर से परमिशन भी मांगता है। कई ऑटो वाले चिपकाने देते हैं, तो कई फटकार देते हैं और उसकी पहचान पूछते हैं। हम 'दंगल', 'फना' और 'गजनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने वाले आमिर खान की बात कर रहे हैं। आमिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें वह फिल्म 'कयामत से कयामत तक' के स्टिकर को अपने इसी फिल्म के को-एक्टर संग चिपकाते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में आमिर की आवाज है, जो पोस्टर चिपकाने के किस्से को बताते हुए नजर आ रहे हैं। फैन पेज द्वारा शेयर किए गए वीडियो में आमिर खान कहते हैं, 'मैं भी खूब कोशिश करता था। दोस्तों को बोलता था फिल्म देखने के लिए। किसी से मिलता था, तो कहता था कि आप यह फिल्म जरूर देखिएगा।



## आमिर खान कजिंस और दोस्तों के साथ स्टिकर चिपकाते थे

आमिर खान कहते हैं, 'तो मैं खुद और मेरे दोस्त जिन्होंने काम किया है इस फिल्म में, कभी-कभी मंसूर और उनकी सिस्टर, हम सब गाड़ी में निकलते थे रोड पर और टैक्सीज और ऑटो को रोकते थे। उनको बोलते थे कि ये फिल्म आने वाली है, तो इसके चिपकाइए। कुछ लोग तो चिपकाने देते थे, कई मना करते थे। नहीं-नहीं, कौन-सी फिल्म है। हम बोलते थे आमिर खान की।'

## 'कयामत से कयामत तक' ब्लॉकबस्टर हुई थी

आमिर खान ने आगे कहा, 'लोग कहते थे कौन आमिर खान? मैं कहता था कि मैं हूं आमिर खान. तो यह सब होता था। लोगों को बताने के लिए हमने काफी कोशिश की। जिससे की लोग इसे देखें।' बता दें, आमिर और जूही चावला ने इसी फिल्म से डेब्यू किया था। 29 अप्रैल 1988 को रिलीज हुई 'कयामत से कयामत तक' ब्लॉकबस्टर हुई थी।

# मैं काम करता हूं और वो बेटी संभालती हैं ...

**मुंबई।** हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पत्नी ऐश्वर्या राय की तारीफ की है। एक्टर ने कहा कि वो ऐश के शुक्रगुजार हैं जो घर पर बेटी आराध्या को संभाल रही हैं और उनकी वजह से ही वो फिल्मों में काम कर पा रहे हैं। लंबे वक्त से बॉलीवुड एक्टर अभिषेक और उनकी पत्नी ऐश्वर्या के बीच तलाक की खबरें चल रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में अभिषेक ने ऐश्वर्या का शुक्रिया अदा किया है। एक इंटरव्यू में अभिषेक ने कहा कि ऐश्वर्या बहुत ही जिम्मेदार हैं और मां बनने के बाद उन्होंने अपने करियर में बहुत त्याग किया है। एक्टर ने यह भी कहा कि वो अपनी पत्नी के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका दिया। इंटरव्यू में अभिषेक ने कहा, 'अपने घर पर मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं जो मुझे बाहर निकलकर फिल्मों में काम करने का मौका मिला। पर मुझे पता है कि ऐश्वर्या बेटी आराध्या के साथ घर पर हैं। और इसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। हालांकि, मुझे लगता है कि बच्चे ऐसा नहीं सोचते। वो आको तीसरे व्यक्ति की नजर से नहीं देखते। वो आपको पैरेंट्स के तौर पर देखते हैं।








# भारतीय-अमेरिकियों ने हिंदुओं को निशाना बनाए जाने के विरोध में निकाली रैली, दिखाई एकजुटता




## अमेरिका में भारतवंशियों का बड़ा प्रदर्शन, हिंदुओं को सुरक्षा देने की मांग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कनाडा और बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कभी मंदिरों तो कभी उनके घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा। इस बीच, सिलिकॉन वैली में भारतीय अमेरिकियों ने हिंदुओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाने के लिए रैली निकाली। मिलपिटास सिटी हॉल में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए प्रमुख सामुदायिक नेताओं ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के बारे में बात की। साथ ही अमेरिकी नेताओं से मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा करने और कनाडा तथा बांग्लादेश की सरकारों को उनकी हिंदू अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा के लिए जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया। खाड़ी क्षेत्र दो लाख से अधिक भारतीय अमेरिकियों का घर है। रैली में शामिल लोगों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं पर हुए हमले की सही तरीके से जांच नहीं होने पर निराशा जताई।

### हिंदू छात्र परिषद की कनाडा में बैठक

हिंदू छात्र परिषद (एचएससी) कनाडा ने ओसीएडी यूनिवर्सिटी टोरंटो में मीट-एंड-ग्रीट सत्र का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न परिसरों के हिंदू छात्र नेताओं ने अपने अनुभव और चुनौतियों को साझा किया। रविवार शाम को एचएससी के सदस्य उत्तरी अमेरिका के हिंदू गठबंधन (सीओएचएनए) और हिंदू फोरम ऑफ कनाडा के हिंदू छात्र नेताओं के साथ एकत्र हुए।

विदेश मंत्री ने भारतीय दूतावास के नए कार्यालय का किया उद्घाटन

# ब्रिटेन के विदेश मंत्री से रोम में मिले जयशंकर, भारत-यूके संबंधों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को रोम में ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ चर्चा की। यह बैठक इटली की मेजबानी में आयोजित जी-7 विदेश मंत्रियों की मीटिंग के आउटरीच सेशन से पहले हुई। इसमें भारत को एक अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि रोम में भारतीय दूतावास के नए कार्यालय का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह भारत-इटली साझेदारी के निरंतर विस्तार के अनुकूल है। इससे हमें इटली में भारतीय समुदाय की बेहतर सेवा करने में भी मदद मिलेगी। भारत और इटली के वैश्विक विचारों में एकरूपता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को रोम में भारतीय दूतावास के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के संबंध काफी मजबूत हैं। यूरोप में दोनों देश महत्वपूर्ण सहयोगी और भूमध्य सागर क्षेत्र में प्रमुख साझेदार हैं। जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार सुबह इटली के रोम पहुंचे।

भारत सरकार विदेशों में भारतीय समुदाय के कल्याण और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है

भारत और इटली के संबंध काफी मजबूत



## यूरोप और एशिया के बीच एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम

उन्होंने ब्राजील में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ हुई बातचीत को लेकर कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच नियमित संवाद और बैठकें द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने में सहायक रही हैं। इससे उन्हें नई ऊर्जा मिली है। हमारे संबंध साझा मूल्यों पर आधारित हैं, लेकिन कुछ इतिहास पर भी आधारित हैं। दोनों ही देशों की सभ्यताएं पुरानी हैं। हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं, हमारी विरासत, हमारी पौराणिक कथाएं समृद्ध हैं, और हम कई विशेषताओं को साझा करते हैं। प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि यह गलियारा यूरोप और एशिया के बीच एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है।

### इटली में भारतीय समुदाय की प्रशंसा की

उन्होंने कृषि, डेयरी और स्वास्थ्य सेवा से लेकर आतिथ्य और विभिन्न अन्य पेशेवर जिम्मेदारियों तक विविध क्षेत्रों में काम कर रहे इटली में भारतीय समुदाय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के बीच दोस्ती को मजबूत करने में उनका योगदान सराहनीय है। भारत सरकार विदेशों में भारतीय समुदाय के कल्याण और भलाई के लिए बहुत प्रतिबद्ध है। इससे भारतीय समुदाय को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्री ने एक्स पर कहा कि आज रोम में भारतीय दूतावास की नई चांसरी का उद्घाटन करते हुए खुशी महसूस हो रही है।

पीएम मोदी ने वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया

# खादी और ग्रामोद्योग को बड़े-बड़े ब्रांड से भी आगे पहुंचा दिया हमारी सहकारिता ने



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज ने सामुदायिक भागीदारी को फिर से नई ऊर्जा दी थी। उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग जैसे क्षेत्रों में एक नया आंदोलन खड़ा किया और आज खादी और ग्रामोद्योग को हमारी सहकारिता ने बड़े-बड़े ब्रांड से भी आगे पहुंचा दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। पीएम ने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का आधार बताया और कहा कि भारत के लिए सहकारिता जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन को भी सहकारिता ने प्रेरित किया है। इससे आर्थिक सशक्तिकरण में तो मदद मिली ही साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों को एक सामूहिक मंच भी मिला। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज ने सामुदायिक भागीदारी को फिर से नई ऊर्जा दी थी।

### 107 देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए

अध्यक्षता केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की शुरुआत के लिए यूएन का धन्यवाद किया और कहा कि ये फैसला पूरी दुनिया के करोड़ों किसान, महिलाएं व गरीब के सशक्तिकरण के लिए आशीर्वाद होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता वर्ष की थीम 'सहकारिता सबकी समृद्धि का द्वार' को पीएम नरेंद्र मोदी ने आज से तीन वर्ष पहले ही सूत्रों में पिरोकर देश की करोड़ों महिलाओं, लाखों गांव व किसानों की समृद्धि का रास्ता खोला।

## 21 सदी के पठन-पाठन को सरल बनाएगा शिक्षा मंत्रालय का 'टीचर्स ऐप'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में टीचर्स ऐप जारी किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने इसे देश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का एक नवाचार युक्त डिजिटल प्लेटफॉर्म बताया। साथ ही कहा कि इसकी मदद से शिक्षकों को भविष्य के कौशल को लेकर तैयार किया जाएगा। जिससे 21वीं सदी की कक्षाओं की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। इस प्लेटफॉर्म को भारती एयरटेल फाउंडेशन ने तैयार किया है जो भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा है।

## पाकिस्तान में शिया-सुन्नी समुदाय सीजफायर पर सहमत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत षमें जारी संघर्ष के बीच 7 दिन के संघर्ष विराम पर सहमति बन गई है। सरकारी कोशिशों के बाद आपस में लड़ रही दोनों जनजातियां इसके लिए तैयार हो गई। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने दोनों समुदायों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए उच्च स्तरीय आयोग बनाने का फैसला किया है। खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता मुहम्मद अली सैफ ने बताया कि सरकार ने दोनों समुदायों के नेताओं से बात की है। जिसके बाद सात दिन के संघर्ष विराम और एक-दूसरे को शव और बंदी लौटाने पर सहमति बनी।

## वामपंथी ओरसी चुने गए उरुग्वे के नए राष्ट्रपति

**मोंटेवीडियो (उरुग्वे)।** उरुग्वे के वामपंथी उम्मीदवार यामांडू ओरसी रविवार को एक कड़े मुकाबले में सत्तारूढ़ गठबंधन को हराकर देश के नए राष्ट्रपति चुने गए। राष्ट्रपति पद के चुनाव में ओरसी से अत्यंत नजदीकी मुकाबले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार इवारो डेलगाडो ने मतगणना जारी रहने के बावजूद हार स्वीकार कर ली। इसके साथ ही उरुग्वे उन देशों में शामिल हो गया है, जहां इस साल हुए चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## हमारा आशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

### Appointment आवश्यकता

**सेल्स/मैनेजर**

आवश्यकता है- ग्रीव्स आटोमोबाइल थ्रीव्हीलर EV- टीम लीडर- 04, सेल्स एग्जीक्यूटिव- ( M/F), 20, सेल्स मैनेजर 01, जनरल मैनेजर 01, रिसेप्शनिस्ट (फीमेल) , 02, मैकेनिक 08। इंटरव्यू 27.11.2024, 11 से 4, **सेंट्रल कॉलेज के सामने फाफाडीह रायपुर 9109104223, 7047935994.** (RO-6420)

**चौकीदार**

आवश्यकता है- बहानाकाडी मंदिर हसौद पोल फैक्ट्री में चौकीदार कि आवश्यकता हैं, जो फैक्ट्री में रहकर कार्य कर सके **मों.- 99772-88880.**(RO-6423)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- पंडरी सूट, साड़ी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेंन, सेल्सगर्ल, लेडीज टेलर व इंस्टाग्राम मैनेज करने व फोटो शूट करने के लिए गुड लुकिंग फीमेल मॉडल की आवश्यकता है **9300636186, 8109205462.** (RO-6421)

**मैनेजर**

Required - For Raipur Manager cum Warehouse Incharge for multinational tyre company having computer knowledge Send Your CV Email÷ indorecnf24@gmail.com (RO-6422)

**कुक/ड्रायवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले **संपर्क करें 9300593000.**(RO-1227)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर , 8109135400.** (RO-287)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.**(RO-A)

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार (लड़की/लड़का) की आवश्यकता है। रीच कार्गो मूवर्स पम्प, उरैदबरी, राजनांदगांव। **संपर्क करें- 8109411676.**(RO-6962)

आवश्यकता है- मैसर्स शारदाप्रसाद साव पेट्रोलपंप अवन्तिबाई चौक कोहका भिलाई में ऑफिस कार्य हेतु डीजल पेट्रोल डालने हेतु DSM लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क:-99261-23539, 83191-53895.** (आरो न.-632)

**सेल्स/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- वाशिंग पाउडर कंपनी शिव शक्ति एंटरप्राइज में सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें - 9691293785.** (आरो न.-1833)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- चिकित्सालय में प्रशिक्षित अप्रशिक्षित परंतु अनुभवी नर्सिंग स्टाफ ANM. GNM. रिसेप्शनिष्ट, पैरामेडिकल कार्यकर्ता, एंव आया की आवश्यकता है मिले 10से 05 बजे तक **केजीएन चिकित्सालय फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर 9425502209, 9893042209.**(RO-6417)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- टेली कम्प्यूटर ऑपरेटर महिला की आवश्यकता है, 2-3 वर्ष अनुभवी उम्र 27 से ऊपर, **संपर्क:- एस. आर चैन इंडस्ट्रीज अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास रायपुर** Mob. **9827128665, 6291641261.**(RO-3117)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता दसवीं बारहवीं अन्य सैलरी 5000+कमीशन+बोनस से कमाए 10000से 12000 **पता दुर्ग भिलाई 72258,43808.**(आरो न.-631)

**टीचर**

आवश्यकता है- लेडी रिसेप्शनिष्ट, इंचार्ज, कम्प्यूटर आपरेटर, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम- साइंस, एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, इंगलिश पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, की आवश्यकता। साक्षात्कार 27.11.2024 प्रातः 9:30 बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.**(RO-6961)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आव्यशकता है **संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330.**(RO-24)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 **चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016.** (RO-3114)

आवश्यकता है- रायपुर एवं भिलाई सहित केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान हेतु सुरक्षागार्डो की आवश्यकता है। न्यूनतम योग्यता 10वीं पास उचाई 5 फूट 6इंच, उम्र 23-44 साल के बीच वेतन लगभग 20000/ मासिक **सम्पर्क सी. डी.ओ. सिक्योरिटी मो. 7974912977.** (आरो न.-6397)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- आसान कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़के चाहिए। रूम, बिजली की सुविधा फ्री, काम करने के इच्छुक ही **सम्पर्क करे- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.** (RO-36049)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**सेल्समैन/हेल्पर्स**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी रायपुर) मे बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है। **मो. 7067048454** (RO-6424)

**टेलीकॉलर/टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- सोलर कंपनी हेतु टेलीकॉलर, टेक्नीशियन, इंजीनियर (सोलर कंपनी के जानकार संपर्क करें) स्वयं का वाहन होना अनिवार्य वेतन योग्यताअनुसार,रहने की सुविधा **7544040795, 9122285796.**(RO-1013)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर कम्पनी द्वारा नौकरी, वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वेसेस पर,10वी+12वी पास लड़के लड़कियां हेतु ,(25950) पदों पर, फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, सैलरी - (32600+70500) **आवेदन हेतु - अधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप या कॉल करें - 9434227378.** (RO-562)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 62673 24667.(RO-1334)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-814)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - फ्री सेवा महाकाली उपासक गुरु बाबा एस के स्वामी (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार, वशीकरण लवमरीज ,ग्रह कलेश, पतिपत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा ,कारोबार 3 घंटे में घर बैठ गारंटीड समाधान पाये **8854858543.** (RO-6419)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447,** बिलासपुर- **8359913999, 9589288936,** रायगढ़ / अंबिकापुर- **7869755871.** (RO-3106)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.**(RO-3068)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- मकान किराये से देना है 1 BHK सेकेण्ड फ्लोर में किराया 5000/- महीना पुरानी बस्ती थाना के पीछे नव दुर्गा चौक रायपुर **संपर्क करें:-** Mob. **9826416557.** (RO-3116)

हरिभूमि




**Property प्रापर्टी**

प्लॉट बेचना है - टेमरी, माना कैंप के पास स्थित लगभग 3900 स्क्वायर फीट का कॉर्नर प्लाट बेचना है **संपर्क करें- 6262326000. नोट- ब्रोकर संपर्क ना करें** (RO-6414)




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare



## आईईडी बम बरामद, सुरक्षा बलों ने किया निष्क्रिय

**सुकमा/कोंटा।** बीते दो दिनों से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने लगाए गए आईईडी बमों को बरामद कर निष्क्रिय कर नष्ट किया जा रहा है। आज किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन के लिए निकले जिला बल, 217 वाहिनी सीआरपीएफ की पार्टी ने सल्लतोंग व आसपास एरिया जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाये गये एक प्रेशर आईईडी बम को बरामद किया गया। बरामद आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन के लिए जिला बल, 206 वाहिनी कोबरा की पार्टी रवाना हुए थे। अभियान के दौरान तुमालपाड़-नवीन कैंप रायगुडेम जाने वाली मार्ग में माओवादियों द्वारा लगाये गए एक प्रेशर आईईडी को किया गया बरामद।

## एक लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा।** छग शासन की नक्सल उन्मूलन नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर सोमवार को एक लाख के इनामी नक्सली ने सरेंडर कर दिया। कामाराम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष सुधाराम सोडी लंबे समय से माओवादी संगठन में रहकर सरकार के खिलाफ काम कर रहा था। जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में खुल रहे नए कैंप और विकास कार्यों से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया।

## भंडारपदर मुठभेड़ के विरोध में 29 को नक्सलियों का सुकमा बंद

**सुकमा।** जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र के भंडारपदर में हुए मुठभेड़ के विरोध में नक्सलियों ने 29 नवंबर को बंद बुलाया है। दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर बंद का आह्वान किया है। पर्चे में नक्सलियों ने जवानों पर 6 निहत्थे नक्सलियों की हत्या का आरोप लगाया है। वहीं मुठभेड़ के दौरान सिर्फ 4 के पास हथियार थे और 6 लोग निहत्थे होने की बात कही है। नक्सली सचिव का कहना है कि, 10 में से दो लोग ग्रामीण थे। भंडारपदर की दुधी हूंगी और कुंजाम बामन ग्रामीण थे। उनका नक्सली संगठन से कोई संबंध नहीं था। बता दें कि कोंटा ब्लॉक के भेज्जी इलाके में शुक्रवार की सुबह डीआरजी जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
#### ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (सीओ)/एस.ई.सी.आर. निम्नलिखित कार्रवाई के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर रहें है।

**अनु. क्र. 1, निविदा सूचना क्रमांक: S-31-NGP-2024-2025,** **कार्य का नाम:** गोंदिया - चंदाफोर्ट टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) एडीईएन / नागभीर के अधिकार क्षेत्र में - 35 सेट (1:12), **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,00,67,342/- **सुरक्षा जमा राशि :** रु. 2,00,300/-

**अनु. क्र. 2, निविदा सूचना क्रमांक: S-32-NGP-2024-2025** **कार्य का नाम:** एडीईएन/नागभीर क्षेत्राधिकार के तहत एलएचएस जीसीएफ 45,53 और 57 पर कवर शेड स्टील के काम की संरचनात्मक पेंटिंग और जीसीएफ 53 और 57 पर रिटेनिंग वॉल, सड़क की मरम्मत, रिसाव आदि और एलएचएस जीसीएफ 36,49,62,70,86,91,93,129 आदि पर पंप ऑपरेटरों के लिए विश्राम कक्ष का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 88,79,339/- **सुरक्षा जमा राशि:** रु. 1,77,600/-

**अनु. क्र. 3, निविदा सूचना क्रमांक: S-33-NGP-2024-2025** **कार्य का नाम:** (1) एडीईएन (वर्क्स)/एनजीपी के अधिकार क्षेत्र के तहत मोतीबाग और अजनी रेलवे कॉलोनी में सुधार। (2) जेडबीडी, नागपुर में स्टोर बिल्डिंग का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.1,35,05,279/- **सुरक्षा जमा राशि:** रु. 2,17,500/-

**अनु. क्र. 4, निविदा सूचना क्र.: S-34-NGP-2024-2025** **कार्य का नाम:** (1) एडीईएन/एनएबी के अधिकार क्षेत्र के तहत एमएमई, एजेयू और एसएनवी स्टेशनों पर जेई/पी वे कार्यालय और स्टोर का प्रावधान (2) एडीईएन / नागभीर के अधिकार क्षेत्र के तहत चांदाफोर्ट में एसएसई (पी.वे)/ सीएफ के लिए नए कार्यालय भवन का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 3,21,27,556/- **सुरक्षा जमा राशि:** रु. 3,10,600/-

**अनु. क्र. 5, निविदा सूचना क्रमांक: C-25-NGP-2024-2025, कार्य का नाम:** एडीईएन/ ट्रैक/नागपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ब्लॉक सेक्शन में यार्ड ड्रेन का सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 97,51,440/- **सुरक्षा जमा राशि:** रु. 1,95,000/-

**अनु. क्र. 6, निविदा सूचना क्रमांक: C-26-NGP-2024-2025** **कार्य का नाम:** (1) एडीईएन/तुमसर रोड क्षेत्राधिकार के तहत टीएमआर और जीबीआरआई में पथ मार्ग, शौचालय, पीने के पानी की सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग पर कवर शेड जैसी सुविधाएं। (2) सिनी. डीईएन/सेंट्रल/ नागपुर के अधिकार क्षेत्र के भीतर ट्रैक मशीन कार्य के लिए साइडिंग सुविधाओं का निर्माण और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग (तिरोरा, भंडारा रोड और चाचेर) पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,95,97,568/- **सुरक्षा जमा राशि:** रु. 2,48,000/-

बोलीदाता उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए अपनी मूल/संशोधित बोलियां **20,12.2024 को 15.00 बजे तक** जमा कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है. विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं

मंडल अभियंता (दक्षिण)
द.पू.म. रेलवे नागपुर
AAA/24/156

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


जमीन को लेकर काफी समय से चल रहा था विवाद

# भतीजे ने बड़े पिता पर पेट्रोल छिड़क कर लगा दी आग, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले के नगरनार थाना क्षेत्र के उलनार तारागुड़ा पारा जमीन विवाद की बात पर आक्रोशित भतीजे ने देर रात अपने बड़े पिताजी के घर पर जाकर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। पीड़ित को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

■ आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

जानकारी के मुताबिक मामला उलनार ग्राम की है जहां जमीन विवाद के चलते भतीजे ने अपने पिता के बड़े भाई पर पेट्रोल छिड़कर उसे जान से मारने की कोशिश की है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 332 के तहत मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नगरनार थाना क्षेत्र निवासी लखमूराम कश्यप 60 वर्ष अपनी पत्नी और बेटी दामाद के साथ ग्राम पंचायत उलनार के तारागुड़ा पारा में रहता है। लखमू का उसके छोटे भाई विक्रम कश्यप के बेटे शिबो कश्यप के साथ काफी समय से जमीन विवाद चल रहा था। लखमू का कोई बेटा नही है इसी वजह से शिबो कश्यप लखमू के जमीन पर अपना कब्जा करना चाहता था। घटना दिनांक 22 नवंबर को लखमू की बेटी और दामाद अपने किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने देउरगांव गए हुए थे। रात को घर में लखमू और उसकी पत्नी अलग अलग कमरों में सो रहे थे। रात करीबन 12 बजे लखमू की घर में किसी की आहट सुनकर नींद टूट गई। लखमू ने देखा कि उसके छोटे भाई का बेटा शिबो घर के अंदर खड़ा हुआ है, लखमू ने शिबो से इतनी देर रात घर आने की वजह पूछी तभी आरोपी शिबो ने अपने पास रखा पेट्रोल छिड़कना शुरू कर दिया।

पेट्रोल छिड़कने के बाद शिबो ने जान से मारने की धमकी देते हुए लखमू को आग के हवाले कर दिया. आग लगते ही लखमू ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर घर के दूसरे कमरे में सो रही उसकी पत्नी भागकर वहां पहुंची लेकिन तब तक शिबो वहां से फरार हो गया था। घटना के बाद लखमू की पत्नी ने आस पड़ोस के लोगों की मदद से पति को गंभीर स्थिति में मेकॉज पहुंचाया मेकॉज पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है।



### आरोपी भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिंहा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर नगरनार थाना प्रभारी तामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया। हादसे में पीड़ित लखमू के सिर, छाती, दोनों हाथ और पैर के दोनों घुटने आग की वजह से बुरी तरह से झुलस गए है फिलहाल मेकॉज में लखमू का ईलाज जारी है।


### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) उत्तर बस्तर कांकेर

परिशिष्ट- एक

कार्यालयीन दूरभाष / फैक्स 07868- 241126
E-mail kankerlocalelection@gmail.com

#### // द्वितीय मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना//

क्रमांक/कले./स्था. निर्वा./पं. निर्वा/2024/253 कांकेर, दिनांक 22/11/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रुपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 06.12.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे ।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन)
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर

G-242504033/2



### नोटिस

प्रति,

श्री पुरूषोत्तम पटेल कार्यभारित सहायक
पिता - श्री रामचरण पटेल
ग्राम - डुमर, पो.ऑ. - सांई खेड़ा,
जिला - होशंगाबाद, (मध्यप्रदेश)
विषय - कार्यालय में अनुपस्थित रहने बाबत।

आप माह नवम्बर 2017 से आज दिनांक तक बिना किसी सूचना एंव अनुमति के अनुलग्न कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि./यां.) खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर से अनुपस्थित है। समाचार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर कार्यालय में उपस्थित होने का कष्ट करें।

अन्यथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के अंतर्गत आपके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता (वि./यां.)
खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
विभाग जगदलपुर

G-242504026/1



### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमॉक / स्टोर / 2024/3980 कबीरधाम दिनॉक 25 NOV 2024

#### निविदा आमंत्रण सूचना

जिला चिकित्सालय में पौष्टिक भोजन व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजीकृत फर्म/संस्था/समुह से सील बंद निविदायें पंजीकृत डॉक के माध्यम से रेट कांट्रेक्ट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र निविदा की शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 1000/- रू. नगद राशि जमा कर, जो कि किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा। दिनांक 30.12.2024 अपरांह 05:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस (शासकीय अवकाश को छोड़कर) में प्राप्त किया जा सकता है :- **स्थान- कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जिला कबीरधाम छ.ग.**

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि-30.12.2024 अपरांह 05:00 बजे ।
02. निविदा जमा करने अंतिम तिथि-02.01.2025 अपरांह 03:00 बजे ।
03. निविदा खोलने की अंतिम तिथि-02.01.2025 सायं 04:00 बजे ।

सिविल सर्जन जिला
चिकित्सालय जिला चिकित्सालय
कबीरधाम (छ.ग.)

G-242504054/3


# थ्रेसर में धान मिंजाई के दौरान फिर एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में चल रही धान कटाई और मिसाई के दौरान एक बार फिर दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें धान मिसाई के दौरान थ्रेसर में फंस जाने के कारण एक ग्रामीण महिला की दर्दनाक मौत हो गई।

■ थ्रेसर में फंसी महिला की साड़ी, सिर धड़ से हुआ अलग

बताया जाता है कि हादसा इतना खौफनाक था कि थ्रेसर में फंसी महिला के धड़ से सिर ही अलग हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अब मामले की विवेचना की जा रही है कि आखिर यह दर्दनाक हादसा हुआ कैसे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम बरेंडा निवासी सुशीला बाई नेताम आयु 34 वर्ष अपने परिजनो के साथ खेत में ही थ्रेसर से धान मिसाई का काम कर रही थी। परिजनो के मुताबिक सुशीला थ्रेसर में धान डाल रही थी। इसी दौरान उसकी साड़ी थ्रेसर में फंस गई और सुशीला साड़ी के सहारे खिंचकर सीधे थ्रेसर के चरखे में फंस गई और चरखे से उसका सिर धड़ से अलग हो गया। चंद पल के भीतर हुए इस हादसे में महिला की दर्दनाक मौत को देखकर लोगों के पैर तले जमीन खिसक गई। बाद में जैसे तैसे थ्रेसर के चरखे में फंसी महिला के शव को बाहर निकाला गया और घटना की जानकारी रेंगाखार पुलिस को दी गई।




### कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय,रायपुर छ.ग.

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./क्रय/ 2024 / 17508 रायपुर दिनांक 22/11/2024

#### -: ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना :-

डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के विभिन्न विभागों से संबंधित इम्प्लांट एवं सामग्री क्रय हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 157988, 160652 में देखा जा सकता हैं।

| DETAIL | BID SUBMISSION START DATE | BID DUE DATE | PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE |
|---|---|---|---|
| 157988 DSA IMPLANT | 28 NOV, 2024 05:30:00 PM IST | 30 DEC, 2024 12:00:00 PM IST | 30 DEC, 2024 12:30:00 PM IST |
| 160652 ORTHOPEDIC IMPLANT | 29 NOV, 2024 05:30:00 PM IST | 23 DEC, 2024 12:00:00 PM IST | 23 DEC, 2024 12:30:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ.ग.)

G-242504041/3


# ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम पिरदा में ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सुबह 9.30 बजे डिग्रीलाल साहू अपने मोटर सायकल सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एल 6039 में भाभी सुबलया साहू के साथ में अपने ससुराल किशनपुर जा रहा था। ग्राम पिरदा से बरेकेल रोड में डोलचंद के दुकान के आगे पिरदा पहुंचने पर जॉन डियर ट्रैक्टर के चालक चंद्रशेखर नायक ग्राम अजगरखार ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर डिग्रीलाल साहू के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घायल अवस्था में उसे निजी नर्सिंग होम बसना ले जाया गया, डॉक्टर ने चेक कर मौत हो जाना बताया। वहीं सुबलया साहू के गले व कान के पास चोट लगी है। जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई अनंत साहू निवासी मिलाराबाद की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(बी), 281बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।


### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति- राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

क्रमांक / मंडी/स्था./ सेण्ड्रीशॉप /2024-25/1002 राजिम, दिनांक- 22/11/2024

#### // सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति- राजिम में नवनिर्मित 05 नग एवं उपमंडी फिंगेश्वर प्रांगण में नवनिर्मित 09 नग सेण्ड्रीशॉप (दुकान) को किराये पर दिये जाने के लिये प्रत्येक दुकान हेतु उल्लेखित पंजीयन तिथि तक कार्यालयीन समय में डी. डी. सचिव, कृषि उपज मंड समिति-राजिम के नाम से मंडी कार्यालय राजिम में जमा करना अनिवार्य होगा। पंजीयनकर्ताओं को उपस्थित होकर निम्नानुसार दिनांक एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्राधिकृत अधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष मूलमंडी राजिम एवं उपमंडी प्रांगण फिंगेश्वर में भावपत्र खोला जावेगा ।

विस्तृत शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति - राजिम एवं उपमंडी फिंगेश्वर में देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

**(01) मूल मंडी राजिम में सेण्ड्रीशॉप 01 से 05, पंजीयन तिथि - 09.12.2024 तक, नीलामी स्थल- मूलमंडी प्रांगण राजिम**
**(02) उपमंडी फिंगेश्वर में सेण्ड्रीशॉप 01 से 09, पंजीयन तिथि - 12.12.2024 तक, नीलामी स्थल - उपमंडी प्रांगण फिंगेश्वर**

| मंडी / उपमंडी | दिनांक व समय एवं नीलाम स्थल | पंजीयन तिथि | लागत मूल्य | 10 प्रतिशत धरोहर राशि | प्रिमीयम बोली लागत का 25 प्रतिशत | लागत का न्यूनतम 0.75 प्रतिशत प्रतिमाह किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूलमंडी राजिम सेण्ड्रीशॉप 01 से 05 | 11.12.2024 दोपहर 02.00 बजे मूलमंडी प्रांगण राजिम | 09.12.2024 | 306860 | 30686 | 76715 | 2301 |
| उपमंडी फिंगेश्वर सेण्ड्रीशॉप 01 से 05 | 13.12.2024 दोपहर 02.00 बजे उपमंडी प्रांगण फिंगेश्वर | 12.12.2024 | 382875 | 38288 | 95718 | 2872 |
| उपमंडी फिंगेश्वर सेण्ड्रीशॉप 01 से 04 | 13.12.2024 दोपहर 02.00 बजे उपमंडी प्रांगण फिंगेश्वर | 12.12.2024 | 342861 | 34286 | 85715 | 2571 |

टीप :- (01) प्रत्येक दुकान के लिये पृथक-पृथक आवेदन एवं पंजीयन शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा ।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति- राजिम
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

भारसाधक अधिकारी,
कृषि उपज मण्डी समिति- राजिम
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

S-42209-1



### MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
### OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 1006 /PWD/Zone-5/2024 RAIPUR DATED: 25-11-2024

Online bids are invited for the following works of works up to 16-12-2024 at 17:30 hours.

| SI No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract | Remark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 161683 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड स्थित डंगनिया शा.उ.मा. शाला भवन में शेड तथा सायकल स्टैण्ड निर्माण कार्य। | 25.00 Lacs | Ist Call |
| 2 | 161684 | पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्र. 42 अंतर्गत सुंदर नगर गेट से आम बगीचा क्षेत्र होते हुए एस. वी. आई. कालोनी पार्षद निवास के आस पास के क्षेत्र में नाली, पुलिया एवं निर्माण कार्य। | 26.26 Lacs | Ist Call |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e- Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 26-11-2024 10.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible(i.e. Registration, G.S.T./ PAN card/ ITR /Commercial Tax current / Current Revenue Soulvency) and interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-5
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)


# चकमा देकर विचाराधीन बंदी फरार, जेल प्रहरी हुआ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पेट दर्द का उपचार कराने जिला अस्पताल आया बंदी जेल के सिपाही को चकमा देकर फरार हो गया है। जेलर ने सिपाही को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। पुलिस के अनुसार जनार्दन भोई पिता पारमेश्वर उम्र 58 वर्ष जिला जेल धमतरी में जेल प्रहरी के पद पर पदस्थ था। 24 नवम्बर को जेल प्रहरी की ड्यूटी बंदियों के स्वास्थ्य चेकअप में लगी थी। वहीं विचाराधीन बंदी पंचराम उर्फ पंचू निषाद पिता गणेश निषाद उम्र 37 वर्ष ग्राम चंदली बालपुर थाना चंदनपुर जिला सक्ती छग निवासी कुरूद थाना में दर्ज अपराध की धारा 331-1, 35-1 बीएनएस के तहत 15 सितंबर 2024 से जेएमएफसी न्यायालय कुरूद के आदेश से जिला जेल में था। विचाराधीन बंदी को पेट में तकलीफ थी। 24 नवम्बर रविवार को बंदी के पेट की तकलीफ काफी बढ़ गई थी। बीते रविवार को जिला जेल का जेलर एनके डहरिया अवकाश पर था। बंदियों के स्वास्थ्य चेकअप कराने की ड्यूटी कर रहे जेल प्रहरी जनार्दन भोई को रविवार को 12 बजे विचाराधीन बंदी पंचराम उर्फ पंचू निषाद ने सीने व पेट में दर्द होना बताया। जेल प्रहरी ने संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया।

■ उपचार के लिए लाया गया था जिला अस्पताल


### छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित
'वन धन भवन' सेक्टर 24, अटल नगर, रायपुरफोन नंबर 0771-2513100 से 2513110
E-mail : mfpfed.cg@nic.in Website : www.cgmfpfed.org

अधिसूचना क्रमांक न्यू. स.मू. / नीलाम / ( 2024 ) -III दिनांक 22.11.2024

भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना एवं अन्य योजनांतर्गत वर्ष 2020, 2020-21, 2021, 2021-22, 2022, 2022-23, 2024 एवं 2023-24 में गोदामीकृत एवं प्रसंस्कृत अत्यधिक कम मात्रा एवं कम ड्यूरेबिलिटी वाले वनोपजों / उत्पादों का वृत्त / मार्ट / जिला यूनियन स्तर एवं स्थानीय स्तर से सीधे विक्रय किये जाने हेतु आफलाईन नीलाम आमंत्रित की जाती है ।

1. **वनोपज / उत्पाद का नाम** - फूल इमली बीज रहित, कालमेघ, हर्रा कचरिया, चरोटा बीज, कुसुम बीज, धवई फूल, इमली बीज, इमली छिल्का, इमली रेशा, भेलवा, वनतुलसा, माहुल पत्ता, फूल झाडू (घांस), सवई घांस, गिलोय, शिकाकाई, फूड ग्रेड़ महुआ फूल, काजू चोपड़ी, काजू लाल छिल्का, काजू मोटा छिल्का, काजू तैलीय छिल्का, अमचूर, सतावर, कोदो, कुटकी, रागी, कोदो चावल, कुटकी चावल, इमली ब्रिक्स ( 01 कि.ग्रा. का पैकेट ), फूल झाडू (ग्रेड़वार ), छिन्द झाडू एवं अन्य
2. **नीलाम प्रस्तुतीकरण एवं खुलना**- निम्न तालिका में दर्शित तिथियों को पंजीकृत फर्म, समूह एवं व्यक्ति द्वारा सम्बन्धित स्थान पर उपथित होकर दोपहर 12:10 बजे से 3:10 बजे तक ऑफलाईन नीलाम में भाग लिया जा सकता है । नीलामी तिथियों का विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा चक्र | जिस तिथि से नीलाम सूचना / लाटसूची डाउनलोड़ की जा सकती है | ई. एम. डी. जमा करने की तिथी (नीलाम प्रारंभ तिथि को दोपहर 12:00 बजे तक) | नीलाम तिथी | नीलाम खोलने की तिथी ( समय शाम 4:00 बजे) |
|---|---|---|---|---|
| I | 25.12.2024 | 01.01.2025 से 03.01.2025 | 03.01.2025 | 03.01.2025 |
| II | | 21.01.2025 से 23.01.2025 | 23.01.2025 | 23.01.2025 |
| III | | 11.02.2025 से 13.02.2025 | 13.02.2025 | 13.02.2025 |
| IV | | 25.02.2025 से 27.02.2025 | 27.02.2025 | 27.02.2025 |

नीलाम सूचना, वनोपजों / उत्पादों की लाट सूची, आवेदक फार्म तथा नियम व शर्ते संघ की वेबसाईट **www.cgmfpfed.org** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। स्थानिय स्तर पर अधिक जानकारी के लिये सम्बन्धित वृत्त / जिला यूनियन कार्यालय से भी सम्पर्क किया जा सकता है ।

कार्यकारी संचालक

S-42203/2


# व्यापारी से 10 लाख की ऑनलाइन ठगी, बिहार से दो आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी नगर के प्रतिष्ठित हार्डवेयर के व्यापारी से बीते दिन सनसनी खेज तरीके से मोबाइल पर हुए 10 लाख के ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस कप्तान यशपाल सिंह के निर्देश में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। बेहद मशक्कत के बीच बिहार राज्य से ठगी के दो मुख्य आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। अंबागढ़ चौकी पुलिस के खुलासों के मुताबिक 14 अक्टूबर को प्रार्थी दीलीप गुप्ता पिता स्व. रामलाल गुप्ता 59 साल साकिन गुप्ता चौक वार्ड न 15 अंबागढ़ चौकी निवासी के द्वारा थाना में उपस्थित होकर अपने साथ मोबाइल पर ऑनलाइन 9,90,010 रूपये का ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रं./मंडी/निर्माण/24-25/691 राजनांदगांव, दिनांक, 25/11/2024

#### "मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना"

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव जिला राजनांदगांव में निम्न दर्शित कार्य / स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित कार्य की लागत अनुसार कार्य कराये जाने की छ.ग. शासन की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत "डी" एवं उच्चश्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदायें केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफे पद्धति से 08.01.2025 को सांयकाल 5:00 बजे तक लो.नि.वि. भवन/सड़क एवं विद्युत्त कार्य हेतु दिनांक 01-01-2015 एवं 1-7-2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूचि के आधार पर निविदा प्रपत्र-अ (प्रतिशत दर) में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। (1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 24.12.2024 (2) निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि दिनांक 31.12.2024 (3) पंजीकृत डाक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 08.01.2025 (4) निविदा खोले जाने की तिथि 09.01.2025 प्राप्त निविदायें इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों / प्रतिनिधियों के समक्ष दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी। कार्य विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत लाख में | ब्याने की राशि एफ.डी. आर. में | कार्य अवधि वर्षा ऋतु सहित | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | एस.ओ.आर. का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अनाज मंडी प्रागंण एवं थोक फल सब्जी मंडी प्रांगण में सायकल स्टैंड कार्य। | 7.81 | 8000 | 03 माह | 1000.00 | लो.नि.वि. भवन/सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु 01.07.2015 से प्रभाशील |
| 2 | अनाज मंडी प्रागंण एवं थोक फल सब्जी मंडी प्रांगण में 200 मे.टन गोदाम निर्माण | 12.78 | 13000 | 04 माह | 1000.00 | |
| 3 | अनाज मंडी प्रागंण एवं थोक फल सब्जी मंडी प्रांगण में कव्हर्ड शेड, केन्टीन, ऑफिस बिल्डिंग, रिपेयर टायलेट कृषक विश्राम गृह। | 18.71 | 18000 | 04 माह | 1000.00 | |
| 4 | अनाज मंडी प्रागंण एवं थोक फल सब्जी मंडी प्रांगण में लैंड स्केपिंग कार्य। | 14.14 | 14000 | 04 माह | 1000.00 | |
| 5 | पांनी टंकी 50000 हजार लीटर | 20.00 | 20000 | 06 माह | 1000.00 | |

**शर्ते :-** 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन / जी.एस.टी. पंजीयन, पेनकार्ड, बैंक साल्वेंसी (अनुमानित लागत का न्यूनतम 15 प्रतिशत मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं नोटरी द्वारा प्रमाणित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 24.12.2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा।
2. निर्धारित बयाने की राशि एफडीआर के रूप में जो कि सचिव, कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव के नाम देय होगा, ही स्वीकार किये जा सकेंगे।
3. अन्य शर्ते एवं कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में दिनांक 24.12.2024 तक देखे / प्राप्त किये जा सकते है, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है।

(पंचराम वर्मा)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव

(इंदिरा नवीन सिंह)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव

S-42206/1

# फोर्ब्स की 200 ग्लोबल कंपनियों की लिस्ट जारी, सूची में 6 भारतीयों ने बनाई जगह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनियाभर के हजारों नामांकन में से ग्लोबल लेवल पर चुनिंदा 200 स्टार्टअप चुने गए हैं। वहीं इनमें से छह भारतीय कंपनियों ने 200 ग्लोबल कंपनियों की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। इन सभी कंपनियां मलयालियों ने शुरू किया है। इन छह स्टार्टअप कंपनी में से दो का मुख्यालय यानी हेडक्वाटर केरल है।

- लिस्ट में आई सभी भारतीय कंपनियां मलयालियों ने शुरू की

यह सूची फोर्ब्स इंडिया और डी-ग्लोबलिस्ट दोनों ने मिलकर संयुक्त रूप से तैयार की है। फ्लेक्सीक्लाउड और ईड डिमेंशिया केरल के दो स्टार्टअप हैं। फ्लेक्सीक्लाउड के को-फाउंडर अनुजा बशीर और विनोद चाको हैं। वहीं ईड डिमेंशिया के को-फाउंडर जॉली जोस पेनाडाथ, अमृता पी वर्गीस और पी जे सिजो हैं।

## सूची में ग्लोबल स्तर पर 200 स्टार्टअप चुने गए

### माइक्रोग्राफियो ऑफिस स्पेस के क्षेत्र में

सूची में एक और स्टार्टअप शुमार है जिसका नाम माइक्रोग्राफियो है। इसके को-फाउंडर रांझू नायर, मोहन मैथ्यू, संतोष महालिंगम और श्याम कुमार है। इन्होंने कोयंबटूर के रहने वाले जयशंकर सीतारामन के साथ मिलकर इसकी शुरुआत की। माइक्रोग्राफियो ने दक्षिण भारत के कई शहरों में मॉर्डन प्राइवेट ऑफिस स्पेस बनाया है और यह इस क्षेत्र में माहिर है।

### अग्रणी क्लाउड समाधानों का एक मंच

सूची में अन्य कंपनियां फ्लेक्सीक्लाउड, स्टार्टअप्स और छोटे कारोबार को दुनिया भर में अग्रणी क्लाउड समाधानों तक पहुंचने के लिए एक मंच देता है. वहीं ईज डिमेंशिया मेमोरी क्लीनिक और एजिंग सेंटर के ऑफर के जरिए डिमेंशिया प्रभावित लोगों और इसके विकसित होने के जोखिम वाले लोगों की मदद करने करता है।

### लिस्ट में शामिल अन्य मलयाली नेतृत्व वाली कंपनियां

राहुल शशि की कंपनी क्लाउड एसईके, यह साइबर सिक्योरिटी के लिए काम करती है। फ्यूचरिक टेक्नोलॉजीज की शुरुआत जिनु जोघी और थॉमस थॉमस ने मिलकर किया है। यह डिजिटल साइनेज समाधान विकसित करता है। अभिषेक मोहन द्वारा बनाई गई हेम्पस्ट्रीट, ये पेन रिलीफ सॉल्यूशन बनाता है। ये सभी कंपनियां मलयाली लोगों के इनोवेश और कारोबार में रुचि को वैश्विक मंच पर लेकर आई।

## खबर संक्षेप

### सोलरवर्ल्ड एनर्जी ने आईपीओ पूर्व चक्र में जुटाए 110 करोड़



**नई दिल्ली।** सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस ने वैल्यूक्वेस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स सहित कई निवेशकों से आईपीओ से पहले करीब 110 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ ही कंपनी के निर्धारित आईपीओ के नए निर्गम घटक को पहले अनुमानित 550 करोड़ रुपये से घटाकर 440 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### बेस्ट एग्रोलाइफ को उन्नत कीटनाशक का पेटेंट मिला

Best Agrolife Limited

**नई दिल्ली।** कृषि-रसायन कंपनी बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड को उन्नत कीटनाशक फॉर्मूलेशन 'बेस्टमैन' के लिए पेटेंट दिया गया है। बेस्टमैन मिर्च, कपास और सब्जियों जैसी फसलों के लिए प्रभावी कीट प्रबंधन प्रदान करता है। सस्पेंशन कंसंट्रेट में फिप्रोनिल, एबामेक्टिन और टॉलफेनपाइराड के संयोजन वाला यह उत्पाद वर्ष 2025 के आरंभ में पेश किया जाना है।

### क्रेडाई देश में 1,000 सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाएगा

CREDAI

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियों का शीर्ष संगठन क्रेडाई देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाएगा। क्रेडाई ने अपने 25वें स्थापना दिवस के मौके पर सोमवार को यह घोषणा की। कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया ने कहा कि उसने इन 1,000 स्कूलों के लिए गैर-सरकारी संगठन के साथ भागीदारी की है।

## अरबपति अदाणी ने अपने नकदी और मुनाफे की दी जानकारी

# बाह्य ऋण पर निर्भरता के बिना भी वृद्धि मुमकिन : अदाणी समूह ने किया दावा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अरबपति गौतम अदाणी के समूह ने सोमवार को अपने नकदी भंडार और मुनाफे की जानकारी दी जो ऋण दायित्वों को पूरा करने के साथ-साथ वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। साथ ही इसने निवेशकों को आश्वस्त किया कि संस्थापक के खिलाफ अमेरिकी रिश्वतखोरी के अभियोग के बावजूद कारोबार सामान्य रूप से जारी है।

बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक का कारोबार करने वाले समूह ने निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुतिकरण में 55,024 करोड़ रुपये की नकदी शेष राशि होने की जानकारी दी जो अगले 28 महीनों के लिए दीर्घावधि ऋण चुकाने से अधिक है। अब इसकी कुल संपत्ति निर्माण में इसका योगदान करीब दो तिहाई है, जो पांच साल पहले की तुलना में काफी अलग है।

### पिछले छह माह में 75,227 करोड़ का निवेश

समूह ने पिछले छह महीनों में करीब 75,227 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जबकि कुल कर्ज में केवल 16,882 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। निवेशकों के साथ एक 'नोट' भी साझा किया गया, साथ ही ये प्रस्तुतियां भी दी गईं।

- ऋण दायित्वों को पूरा करने के लिए समूह के पास पर्याप्त नकदी
- अमेरिकी रिश्वतखोरी के अभियोग के बावजूद सामान्य कारोबार
- समूह के पास 55,024 करोड़ रुपए की नकदी राशि होने की दी जानकारी




**अदाणी ने आरोपों के बीच विवरण साझा किया**
कंपनी के संस्थापक चेयरमैन गौतम अदाणी और दो अन्य अधिकारियों के खिलाफ अमेरिकी अदालत में सौर ऊर्जा ठेका हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारी को रिश्वत देने के आरोपों के बीच यह विवरण साझा किया गया है।

***अगले 10 वर्ष में 100 अरब डॉलर निवेश की योजना :*** *समूह ने अगले 10 वर्षों में कंपनियों में आठ लाख करोड़ रुपये (100 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक निवेश करने की योजना की घोषणा की है। पिछले 12 महीनों में परिचालन से नगदी प्रवाह (एफएफओ) या नकद लाभ 58,908 करोड़ रुपये रहा और पिछले पांच वर्षों से इसमें 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है।*

### अदाणी ग्रुप में कोई निवेश नहीं करेगी फ्रांस की कंपनी टोटल एनर्जीज

फ्रांस की प्रमुख ऊर्जा कंपनी टोटल एनर्जीज ने कहा कि वह अदाणी समूह की कंपनियों में तब तक कोई नया निवेश नहीं करेगी जब तक कि भारतीय कंपनी के संस्थापक (गौतम अदाणी) को रिश्वत के आरोपों से मुक्त नहीं कर दिया जाता। ऊर्जा कंपनी ने कहा कि उसे कथित भ्रष्टाचार की जांच की जानकारी नहीं थी। टोटल एनर्जीज उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनियों में सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में से एक है। उसने पूर्व में समूह के नवीकरणीय ऊर्जा उद्यम अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. और शहर गैस वितरण इकाई अदाणी टोटल गैस लि. (एटीजीएल) में हिस्सेदारी ली थी। फ्रांस की कंपनी ने कहा कि उसे अमेरिकी अधिकारियों द्वारा अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. के लिए सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने को लेकर भारतीय अधिकारियों को कथित तौर पर 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने के मामले में शामिल होने के लिए गौतम अदाणी और दो अन्य अधिकारियों पर आरोप लगाये जाने के मामले का पता चला है।

### अदाणी की दस में से पांच कंपनियों के शेयर टूटे

अदाणी समूह की पांच कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरकर बंद हुए। अदाणी ग्रीन एनर्जी में सबसे अधिक आठ प्रतिशत की गिरावट आई। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 8.05 प्रतिशत गिरकर 967.65 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में कंपनी का शेयर 11 प्रतिशत गिरकर 932.90 रुपये के निचले स्तर पर आ गया था। बीएसई पर अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 3.78 प्रतिशत गिरकर 624.85 रुपये पर और अदाणी पावर 3.02 प्रतिशत गिरकर 446.85 रुपये पर आ गया। बीएसई पर एनडीटीवी का शेयर 2.07 प्रतिशत गिरकर 166.60 रुपये पर और अदाणी टोटल गैस 1.43 प्रतिशत गिरकर 600.75 रुपये पर बंद हुआ। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स का शेयर 2.55 प्रतिशत चढ़कर 1,166.45 रुपये पर, एसीसी 2.54 प्रतिशत चढ़कर 2,142.85 रुपये पर, अदाणी एंटरप्राइजेज 1.26 प्रतिशत चढ़कर 2,257.65 रुपये पर, अदाणी विल्मर 1.81 प्रतिशत चढ़कर 297.60 रुपये पर और अंबुजा सीमेंट्स 0.88 प्रतिशत चढ़कर 505.10 रुपये पर बंद हुआ।

# सेबी करेगी केबीसीएल की 17 संपत्तियों की नीलामी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र किए गए धन की वसूली के लिए 23 दिसंबर को केबीसीएल इंडिया लिमिटेड की 17 संपत्तियों की नीलामी करेगा।




- धन की वसूली के लिए नीलामी होगी 23 दिसंबर को

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केबीसीएल इंडिया लिमिटेड, इसके निदेशकों राकेश कुमार, विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं शशि कांत मिश्रा द्वारा निवेशकों का पैसा वापस करने में विफल रहने के बाद संपत्तियों की बिक्री की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेबी की तरफ से शुक्रवार को जारी नोटिस के मुताबिक, केबीसीएल के उत्तर प्रदेश में स्थित 17 भूखंडों की नीलामी 4.23 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। यह नीलामी 23 दिसंबर को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। सेबी ने अपनी जांच में पाया था कि केबीसीएल (पूर्व में कल्पतरु बायोटेक कॉरपोरेशन) बाजार नियामक से अपेक्षित अनुमोदन और पंजीकरण के बगैर ही सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) चला रही थी।

### निवेशकों से जुटाई थी 118.69 करोड़

केबीसीएल का निदेशक होने के नाते कुमार, सिंह और मिश्रा भी कंपनी द्वारा किए गए उल्लंघनों के लिए उत्तरदायी थे। केबीसीएल इंडिया लिमिटेड ने 31 मार्च, 2012 तक निवेशकों से 118.69 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाई थी।

## बिजनेस साइट

### वेडिंग सीजन में घर सजाने के ब्लेस्ड होम का आकर्षक डिस्काउंट ऑफर



**रायपुर।** वेडिंग सीजन में घर सजाने के इच्छुक कपल्स के लिए ब्लेस्ड होम ने एक आकर्षक डिस्काउंट ऑफर प्रस्तुत किया है। बोरोसिल, लुमिनस और मेमोरटेक के डिनर सेट्स पर 'बाय वन, गेट वन फ्री' ऑफर, साथ ही ड्राई फ्रूट्स बॉक्स पर 50% की छूट, इस ऑफर को और भी खास बनाता है। यहां पर किचनवेयर से लेकर होम डेकोर तक, हर प्रकार के प्रोडक्ट्स की एक विशाल रेंज उपलब्ध है, जो किसी भी घर को खूबसूरती से सजा सकती है। ब्लेस्ड होम में विभिन्न प्रकार के शोपीस, किचनवेयर और डेकोरेटर पीस एक ही छत के नीचे मिलते हैं। यहां उपलब्ध भगवान की मूर्तियां, आर्टिफिशियल फूल, फौव्वारे, केटल, और ब्रास मेटल के प्रोडक्ट्स घर की सजावट को खास बनाते हैं। इसके साथ ही बोनचाइना डिनर सेट्स, कटलरी सेट्स, ओपेलवेयर डिनर सेट्स और इम्पोर्टेड क्रिस्टल क्राकरी भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। किचनवेयर में ब्लेस्ड होम पर विनोद इंटेलीजेंट कुकवेयर, बोरोसिल अप्लायंसेस, और डिनर सेट्स के प्रतिष्ठित ब्रांड्स की रेंज भी मिलती है, जो हर घर की शोभा बढ़ाने के लिए उपयुक्त हैं।

### द लोकल बैंड बाजा बाजार शॉपिंग एंटरटेनमेंट फेस्टिवल में छाए स्टार साइन के प्रोडक्ट्स




**रायपुर।** श्रीराम बिजनेस पार्क विधानसभा रोड में आयोजित तीन दिवसीय 'द लोकल बैंड बाजा बाजार' शॉपिंग एंटरटेनमेंट फेस्टिवल रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन राजधानी रायपुर में पिछले कई वर्षों से हो रहा है, और इस बार छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड स्टार साइन ने इस फेस्टिवल में एंटरटेनमेंट पार्टनर के रूप में अपनी भागीदारी निभाई। फेस्टिवल के दौरान स्टार साइन के उत्पादों ने खासा आकर्षण बटोरा। विजिटर्स ने कहा कि कंपनी के प्रोडक्ट्स वाकई में सुपरस्टार हैं। खासकर स्टार साइन बिग टीवी और सीलिंग फैंस आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। कंपनी के सीईओ अनेकांत जैन और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित जैन ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ का अपना मैन्युफैक्चरिंग ब्रांड होने पर उन्हें गर्व है। स्टार साइन के उत्पाद उच्च गुणवत्ता के हैं और कंपनी का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने होम अप्लायंसेज को पेश करना है। सभी का ध्यान स्टार साइन के बिग टीवी ने अपनी ओर खींचा। इसकी विशेषता है 85 इंच की वेबओएस स्क्रीन और 3 साल की वारंटी। कंपनी के पास 32 इंच से लेकर 85 इंच तक स्मार्ट टीवी की रेंज उपलब्ध है, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 50 और 85 इंच के टीवी में वेबओएस टेक्नोलॉजी और मैजिक रिमोट भी शामिल है।

### अविनाश ग्रुप ने मनाया अपना 28वां फाउंडेशन डे



**रायपुर।** मध्य भारत के प्रमुख बिल्डर अविनाश ग्रुप ने 25 नवंबर 1996 को अपनी स्थापना के बाद 28 वर्षों की सफलता का जश्न मनाया।

इस अवसर पर कंपनी ने अपने हेड ऑफिस के साथ-साथ सभी प्रोजेक्ट साइटों पर भी समारोह आयोजित किए। अविनाश ग्रुप के एमडी आनंद सिंघानिया ने इस अवसर पर कहा, यह हमारे साथ जुड़े सभी लोगों के विश्वास और मेहनत का परिणाम है कि आज हम 58 से अधिक प्रोजेक्ट्स और 15,000 से ज्यादा परिवारों का विश्वास हासिल कर चुके हैं। अविनाश ग्रुप की सफलता में हर सदस्य की मेहनत का अहम योगदान है।

# शेयर बाजार में आई बहार सेंसेक्स 993 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन को मिली धमाकेदार जीत और दिग्गज कंपनियों के शेयरों में खरीदारी के दम पर सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल दर्ज हुआ। सेंसेक्स ने करीब 993 अंक की छलांग लगाई और निफ्टी भी 315 अंक चढ़ गया।

पूंजीगत उत्पादों, ऊर्जा और बैंक शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से भी निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र की तेजी को जारी रखते हुए 992.74 अंक चढ़कर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,355.97 अंक चढ़कर 80,473.08 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 314.65 अंक बढ़कर 24,221.90 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर सबसे ज्यादा लाभ में रहे।

# ट्राई का निर्देश, 1 दिसंबर से मोबाइल में देर से आएंगे ओटीपी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जैसे-जैसे इंटरनेट और स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ा है उससे कई तरह के खतरे भी बढ़े हैं। स्मार्टफोन ने हमारे कई सारे कठिन काम तो आसान तो बनाया है लेकिन इसने स्कैमर्स और साइबर क्रिमिनल्स को लोगों को ठगने का स्मार्ट तरीका भी दटेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने लोगों को स्कैम और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने के लिए पिछले कुछ समय में कई सारे हाल ही में भारत में टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राई ने कई सारे कदम उठाए हैं।

### ट्राई तारीख में कई बार बदलाव कर चुका

ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए हाल ही में ट्राई ने टेलिकॉम कंपनियों को ट्रेसबिलिटी लागू करने के निर्देश दिए थे। यह एक बड़ा फैसला था। बता दें कि कॉमर्शियल मैसेज और ओटीपी से जुड़े ट्रेसबिलिटी नियम को लागू करने के लिए ट्राई ने अगस्त में निर्देश जारी किए थे। इसे लागू करने की तारीख में ट्राई कई बार बदलाव कर चुकी है।

### ट्राई ने बढ़ाई समय सीमा

ट्राई ओटीपी मैसेज की ट्रेसबिलिटी को लागू करने के लिए टेलिकॉम कंपनियों के पास पहले 31 अक्टूबर तक का समय था। जियो, एयरटेल, वीआई और बीएसएनएल की मांग के बाद कंपनी ने इसकी समय सीमा 31 नवंबर तक बढ़ा दी थी। अब जब नवंबर में इसकी समय सीमा समाप्त होने जा रही हैं तो टेलिकॉम कंपनियों को कॉमर्शियल मैसेज और ओटीपी मैसेज को ट्रैक करने के लिए ट्रेसबिलिटी नियम को लागू करना होगा।

***ओटीपी आने में लग सकता है समय :*** *अगर जियो, एयरटेल, वीआई और बीएसएनएल 1 दिसंबर से ट्रेसबिलिटी नियम को लागू करती हैं तो इससे ओटीपी मैसेज आने में समय लग सकता है। ऐसे में अगर आप बैंक या फिर रिजर्वेशन जैसा कुछ काम करते हैं तो आपको ओटीटी पाने में समय लग सकता है। ट्राई ने इस तरह का कदम इसलिए उठाया है क्योंकि कई बार फेक ओटीपी मैसेज के जरिए स्कैमर्स लोगों के डिवाइस का एक्सेस पा लेते हैं और इससे लोगों को भारी नुकसान होता है।*

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

आईपीएल मेगा ऑक्शन

**120** देशी खिलाड़ी
**62** विदेशी खिलाड़ी
**577** शार्टलिस्ट
**1574** ने कराया था रजिस्ट्रेशन

# 182 खिलाड़ियों की चमकी किस्मत, 10 टीमों ने खर्चे 640 करोड़, पंत सबसे महंगे, 13 साल के वैभव बने करोड़पति

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

आईपीएल 2025 से पहले साउदी अरब के जेद्दा में हुआ मेगा ऑक्शन सोमवार को समाप्त हो गया। 2 दिनों तक चलने वाले इस ऑक्शन में 10 फ्रेंचाइजियों ने जमकर खरीदारी की। सभी टीमों ने 2 दिन में 639.15 करोड़ रुपए खर्च किए। नीलामी में कुल 182 प्लेयर बिके। इनमें 62 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने 25-25 प्लेयर खरीदे। वहीं हैदराबाद ने 20 प्लेयर ही खरीदे। ऋषभ पंत पर लखनऊ ने 27 करोड़ की सबसे महंगी बोली लगाई। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान ने 1.10 करोड़ रुपए में शामिल किया। वैभव आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। मेगा ऑक्शन के लिए 1574 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसके बाद 577 खिलाड़ियों को अंतिम सूची में जगह मिली थी।



### नहीं बिके दिग्गज

डेविड वॉर्नर
स्टीव स्मिथ
केन विलियम्सन
शार्दुल ठाकुर
नवीन उल हक

### पर्स में बचे पैसे

| टीम | राशि | टीम | राशि |
|---|---|---|---|
| चेन्नई | 5 लाख | मुंबई | 20 लाख |
| दिल्ली | 20 लाख | पंजाब | 35 लाख |
| गुजरात | 15 लाख | राजस्थान | 30 लाख |
| कोलकाता | 5 लाख | बेंगलुरु | 75 लाख |
| लखनऊ | 10 लाख | हैदराबाद | 20 लाख |

## पंत रिकॉर्ड 27 करोड़ में बिके

ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बन गए हैं। ऑक्शन के पहले दिन लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 27 करोड़ में खरीदा। ऑक्शन में श्रेयस अय्यर भी मालामाल हुए। श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26 करोड़ 75 लाख रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। वेंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइटराइडर्स ने आईपीएल ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए की मोटी रकम देकर खरीदा। पंजाब किंग्स ने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में खरीदा। इसके अलावा पंजाब ने युजवेंद्र चहल पर भी 18 करोड़ रुपए खर्च किए। इंग्लैंड के जोस बटलर सबसे महंगे विदेशी रहे, उन्हें 15.75 करोड़ रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीदा।

## आईपीएल 2025 के 10 टीमों के स्क्वॉड

### गुजरात टाइटन्स

**रिटेन-** शुभमन गिल (16.5 करोड़), राशिद खान (18 करोड़), साई सुदर्शन (8.5 करोड़), शाहरुख खान (4 करोड़) और राहुल तेवतिया (4 करोड़)।
**खरीदे-** कगिसो रबाडा, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वॉशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएट्जी, अरशद खान , गुरनूर बरार, शेरफेन रदरफोर्ड, साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

### मुंबई इंडियंस

**रिटेन-** हार्दिक पंड्या (16.35 करोड़), सूर्यकुमार यादव (16.35 करोड़), रोहित शर्मा (16.30 करोड़), जसप्रीत बुमराह (18 करोड़) और तिलक वर्मा (8 करोड़)।
**खरीदे-** ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक्स, अश्विनी कुमार, मिचेल सेंटनर, रीस टॉप्ली, कृष्णन श्रीजीत , राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर।

### चेन्नई सुपर किंग्स

**रिटेन-** ऋतुराज गायकवाड़ (18 करोड़), मथीशा पथिराना (13 करोड़), शिवम दुबे (12 करोड़), रवींद्र जडेजा (18 करोड़) और महेंद्र सिंह धोनी (4 करोड़)।
**खरीदे-** डेवोन कॉन्वे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, आर. अश्विन, खलील अहमद, नूर अहमद, विजय शंकर, सैम करन, शेख रशीद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजपनीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवर्टन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।



### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**रिटेन-** विराट कोहली (21 करोड़), रजत पाटीदार (11 करोड़) और यश दयाल (5 करोड़)।
**खरीदे-** लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भांडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

### दिल्ली कैपिटल्स

**रिटेन-** अक्षर पटेल (16.50 करोड़), कुलदीप यादव (13.25 करोड़), ट्रिस्टन स्टब्स (10 करोड़) और अभिषेक पोरेल (4 करोड़)।
**खरीदे-** मिचेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मानवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**रिटेन-** सुनील नरेन (12 करोड़), रिंकू सिंह (13 करोड़), आंद्रे रसेल (12 करोड़), वरुण चक्रवर्ती (12 करोड़), हर्षित राणा (4 करोड़) और रमनदीप सिंह (4 करोड़)।
**खरीदे-** वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, एनरिक नॉर्किया, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मार्कंडे, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनीत सिसोदिया, अजिंक्य रहाणे, अनुकूल रॉय, मोईन अली, उमरान मलिक।

### पंजाब किंग्स

**रिटेन-** शशांक सिंह (5.5 करोड़) और प्रभसिमरन सिंह (4 करोड़)।
**खरीदे-** अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहाल वढेरा, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, मार्को जानसेन, जोश इंग्लिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर सिंह, कुलदीप सेन, प्रियांश आर्य, एरॉन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, पायला अविनाश, प्रवीण दुबे।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**रिटेन-** पैट कमिंस (18 करोड़), हेनरिक क्लासेन (23 करोड़), अभिषेक शर्मा (14 करोड़), ट्रेविस हेड (14 करोड़) और नीतीश कुमार रेड्डी (6 करोड़)।
**खरीदे-** मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, ईशान किशन, राहुल चाहर, एडम जाम्पा, अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ब्रायडन कार्स, कामिंदु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

### राजस्थान रॉयल्स

**रिटेन-** संजू सैमसन (18 करोड़), यशस्वी जायसवाल (18 करोड़), रियान पराग (14 करोड़), ध्रुव जुरेल (14 करोड़), शिमरॉन हेटमायर (11 करोड़) और संदीप शर्मा (4 करोड़)।
**खरीदे-** जोफ्रा आर्चर, महीष तीक्षणा, वानिंदु हसारंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, नीतीश राणा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, युद्धवीर सिंह, फजलहक फारूकी, वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका, कुणाल राठौड़, अशोक शर्मा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

**रिटेन-** निकोलस पूरन (21 करोड़), मयंक यादव (11 करोड़), रवि बिश्नोई (11 करोड़), आयुष बदोनी (4 करोड़) और मोहसिन खान (4 करोड़)।
**खरीदे-** ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, आवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्जके।

# टेस्ट : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारत ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 295 रन से हराकर इस देश में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के साथ पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इस जीत के साथ भारत एक बार फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 0-3 की करारी हार के बाद भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया था।

भारत के अब 15 मैच में नौ जीत, पांच हार और एक ड्रॉ से 110 अंक हो गए हैं जो 61.11 प्रतिशत अंक होते हैं। ऑस्ट्रेलिया 57.69 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। उसके 13 मैच में आठ जीत, चार हार और एक ड्रॉ से 90 अंक हैं। भारत के 534 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में पांच विकेट चटकाने वाले कार्यवाहक कप्तान बुमराह (तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 58.4 ओवर में 238 रन पर ढेर हो गया। बुमराह और सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष और मध्य क्रम को ध्वस्त किया जिसके बाद वाशिंगटन सुंदर (दो विकेट), नितीश कुमार रेड्डी (दो विकेट) और हर्षित राणा (एक विकेट) ने निचले क्रम को समेटा। राणा और रेड्डी इस मैच में पदार्पण कर रहे थे।



### डब्लूटीसी फाइनल का गणित

*आईसीसी ने पुष्टि की है कि भारत को डब्लूटीसी फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने बाकी बचे चार टेस्ट मैच में से तीन जीतने होंगे। ऑस्ट्रेलिया शेष छह टेस्ट मैच में से चार जीतकर फाइनल में पहुंच जाएगा क्योंकि पैट कमिंस की टीम भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा भी करेगी।*

### रोहित ने 'गुलाबी गेंद' से किया अभ्यास

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पितृत्व अवकाश के बाद पर्थ पहुंचने पर तुरंत नेट पर अभ्यास करने पहुंचे। कुछ दिन पहले अपने बेटे के जन्म के बाद रोहित रविवार शाम को पर्थ पहुंचे और वह ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत का गवाह बनने के लिए ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकस्वीनी पगबाधा बो बुमराह | 00 | 04 | 0 | 0 |
| ख्वाजा का पंत बो सिराज | 04 | 13 | 0 | 0 |
| कमिंस का कोहली बो सिराज | 02 | 08 | 0 | 0 |
| लाबुशेन पगबाधा बो बुमराह | 03 | 05 | 0 | 0 |
| स्मिथ का पंत बो सिराज | 17 | 60 | 0 | 0 |
| हेड का पंत बो बुमराह | 89 | 101 | 8 | 0 |
| मिचेल मार्श बो रेड्डी | 47 | 67 | 3 | 2 |
| एलेक्स कैरी बो राणा | 36 | 58 | 2 | 0 |
| स्टार्क का जुरेल बो सुंदर | 12 | 35 | 0 | 0 |
| नाथन लियोन बो सुंदर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जोश हेजलवुड नाबाद | 04 | 10 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 24, कुल : 58.4 ओवर में 238/10
गेंदबाजी : बुमराह 12-1-42-3, सिराज 14-2-51-3, राणा 13.4-1-69-1, सुंदर 15-0-48-2, रेड्डी 4-0-21-1.

### डब्लूटीसी तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | पीसीटी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 15 | 9 | 5 | 1 | 110 | 61.110 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 13 | 8 | 4 | 1 | 90 | 57.690 |
| 3 | श्रीलंका | 09 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.560 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 11 | 6 | 5 | 0 | 72 | 54.550 |
| 5 | द.अफ्रीका | 08 | 4 | 3 | 1 | 52 | 54.170 |
| 6 | इंग्लैंड | 19 | 9 | 9 | 1 | 93 | 40.790 |
| 7 | पाकिस्तान | 10 | 4 | 6 | 0 | 40 | 33.330 |
| 8 | बांग्लादेश | 10 | 3 | 7 | 0 | 33 | 27.500 |
| 9 | वेस्टइंडीज | 09 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.520 |





यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, तृतीय तल, एलआईसी इन्वेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-III जीवन बीमा मार्ग, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.) पिन-492004

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

**अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विकय किया जाना है।**

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **''जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है''** के आधार पर दिनांक **13.12.2024** समय **(प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)** पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

| क्र. | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मेसर्स श्री बालाजी ट्रेडर्स एण्ड डेकोरेटर्स प्रोपराईटर- श्री आर. जगदेश्वर रेड्डी, श्री पास्पुलेटी राय कृष्णा के माध्यम से/ चरोदा शाखा. | प्रोप-1- ख नं 816/11 मौजा-ग्राम सिरसाकला, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नंबर 37, सिरसा, भाटापारा वार्ड, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित खुला प्लॉट। प्रोप-2- ख नं 816/12 मौजा-ग्राम सिरसाकला, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नंबर 37, सिरसा भाटापारा वार्ड, तहसील पाटन जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित खुला प्लॉट. | ₹ 10.12 Lacs + ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹4.10 lacs<br>₹ 0.41 lacs<br>₹ 0.041 lacs<br>For prop no. 1 & 2 (separately) |
| 02 | मेसर्स वी.के. कन्स्ट्रक्शन, प्रोपराईटर- श्री विजयानंद सिंह, श्रीमती कंचन सिंह के माध्यम से/ चरोदा शाखा. | ख.नं. 177/10, प्लॉट न. 26, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नं. 31, सिरसा, जी केबिन सिरसाकला वार्ड, तहसील- पाटन, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल- 1575 वर्गफीट में स्थित खुला प्लॉट. | ₹ 5,03,000.00 + 24.12.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 4.50 lacs<br>₹ 0.45 lacs<br>₹ 0.45 lacs |
| 03 | राजेश्वरी मून शाखा- सिंधिया नगर, दुर्ग | खसरा नं. 252, फ्लैट नं. एलआईजी/सी-601, छठवीं मंजिल, ब्लॉक नं.-सी, दीन दयाल आवास कालोनी, खमरिया, भिलाई (छ.ग.) में स्थित आवासीय मकान। | ₹ 9.60 Lacs + 01.01.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 6.00 lacs<br>₹ 0.60 lacs<br>₹ 0.060 lacs |
| 04 | विनोद कुमार मून शाखा- सिंधिया नगर,दुर्ग | खसरा नं. 123/22, ईडब्ल्यसूएस- 335, दूसरी मंजिल, वार्ड नं. 23, एकता परिसर, मालवीय नगर, दुर्ग (छ.ग.) में स्थित आवासीय मकान। | ₹ 9.75 Lacs + 01.04.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 6.20 lacs<br>₹ 0.62acs<br>₹ 0.062 lacs |
| 05 | सुश्री रुबीना खान पुत्री यूसुफ खान, मकान नं. 289, शहीद राजीव पांडे वार्ड, मठपुरैना, रायपुर-492001. शाखाः प्रियदर्शिनी नगर | खं. नं 34/1, म. नं 289, मठपुरैना, आरडीए स्कीम नं 07, शहीद राजीव पांडे वार्ड नं 54, प.ह.नं 105, रायपुर में स्थित मकान। | ₹ 5,40,000.00 + 31.07.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 13.00 lacs<br>₹ 1.30 lacs<br>₹ 0.13 lacs |
| 06 | मेसर्स भाले एण्ड संस प्रोप. खिलेश भाले प्रियदर्शिनी नगर | ख.नं. 1299, प.ह.नं. 30, वार्ड नं. 12, महामाया पारा, पाटन, जिला- दुर्ग-491111 में स्थित प्लाट का साम्यिक बंधक। | ₹ 3.40 Lacs + 30.09.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 15.00 lacs<br>₹ 1.50 lacs<br>₹ 0.15 lacs |
| 07 | श्री दीपक कुमार एवं श्रीमती बीना सुपेला भिलाई शाखा | ख.नं. 303/15, 303/2, 303/10, ब्लॉक-ई, साई विलास एवं अपार्टमेंट, टाईप-1, तृतीय तल, मौजा- जांजगिरी, वार्ड नं. 24, प.ह.नं. 44/49, आरएनएम- अहिरवारा, तहसील- धमधा, जिला- दुर्ग छ.ग., क्षेत्रफल- 0.720 हेक्टेयर, निर्मित क्षेत्रफल- 350.02 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 305, **संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर-** फ्लैट नं. 306, **दक्षिण-** ब्लॉक डी, **पूर्व-** फ्लैट नं. 303, **पश्चिम-** स्टैयर्स। | ₹ 14.95 Lacs + 30.11.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 11.00 lacs<br>₹ 1.10 lacs<br>₹ 0.11 lacs |
| 08 | नंदजी सेरेमिक, प्रोप. गायत्री सिंह/ भिलाई सुपेला | प्लॉट नं. 4, ब्लॉक-4, पं. दीनदयाल पुरम वार्ड नं. 28, न्यू खुर्शी पार, भिलाई, जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 2325 वर्गफीट, में स्थित आवासीय मकान। | ₹ 39.52 Lacs + 01.06.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 50.00 lacs<br>₹ 5.00 lacs<br>₹ 0.50 lacs |

**उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।**

**ई-नीलामी की तिथि व समयः 13.12.2024, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।**

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://ebkray.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **क्र. 01 व 02 के लिएः सुनील मौर्य, मो. 9919175656, क्र. 03 व 04 के लिएः श्री समीर होता मो. 8018337533, क्र. 05 के लिएः श्री मिकी मिंज मो. 9631523104, क्र. 06 के लिएः श्री कृष्ण सिंह मो. 8770406019, क्र. 07 व 08 के लिएः श्री प्रदीप बारिक मो. 7077103753.**

**उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।**

दिनांकः 25.11.2024, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया


टेनिस

# इटली ने जीता लगातार दूसरा डेविस कप खिताब



एजेंसी ▶▶| मलागा

इटली ने डेविस कप खिताब के लिए लगभग 25 साल इंतजार किया लेकिन यानिक सिनर की मौजूदगी में रविवार को टीम ने इस प्रतिष्ठित टेनिस पुरुष टीम प्रतियोगिता का लगातार दूसरा खिताब जीता। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने टेलोन ग्रीक्सपूअर को 7-6, 6-2 से हराकर इटली को नीदरलैंड पर 2-0 की जीत दिलाई और अपने शानदार सत्र का अंत जीत के साथ किया।

सिनर ने कहा, 'गत चैंपियन के रूप में वापस आना और फिर से खिताब जीतना- यह हम सभी के लिए सबसे अच्छे अहसास में से एक है। हम इस ट्रॉफी को उठाकर बहुत खुश हैं।' माटियो बेरेटिनी ने इससे पहले बोटिक वेन डि जेंडस्कल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को फाइनल में शानदार शुरुआत और 1-0 की बढ़त दिलाई। लगभग 9,200 प्रशंसकों की मौजूदगी में इटली की टीम 2012 और 2013 में चेक गणराज्य के बाद लगातार दो बार डेविस कप जीतने वाली पहली टीम बन गई। इटली की महिला टीम ने भी बुधवार को स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप जीता था। सिनर ने मलागा में अपने चारों मुकाबले जीते जिसमें क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना के खिलाफ बेरेटिनी के साथ मिलकर युगल मुकाबले में मिली जीत भी शामिल है।

## सिंधू, लक्ष्य देंगे सैयद मोदी टूर्नामेंट में चुनौती

लखनऊ। स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जब भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे तो उनकी नजरें खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी करते हुए अपने पिछले टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी अपने वर्ग में खिताब की प्रबल दावेदार होगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपना पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन के रूप में जीता था जबकि विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य 2023 में कनाडा ओपन के दौरान पिछली बार चैंपियन बने थे।


**सुनहरे मौके बार-बार नहीं आते**

प्लॉट - आवासीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक, डुप्लेक्स आवास, फ्लैट्स, दुकानें विक्रय हेतु उपलब्ध।

सीमित संख्या में...

**निविदा सूचना**

क्रमांक 15553 दिनांक : 25.11.2024

विक्रय योग्य सम्पत्तियां

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | **आवासीय भूखण्ड** (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रु.17,90,278 - रु. 37,96,383/- |
| | | **आवासीय भूखण्ड** (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 24 | 2064.5-7472.4 | रु. 42,77,685 - रु.1,54,82,771/- |
| | | **मिश्रित भूखण्ड** - दर रु. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रु.3,56,53,100/- |
| | | **व्यावसायिक भूखण्ड** - सेक्टर लेवल दर रु. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 15 | 757.07-788.7 | रु.27,48,154 - रु.28,62,876/- |
| | | **डुप्लेक्स रो-हाऊस** | 9 | 545-798.3 | रु.27,06,844 - रु.32,20,670/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 119 | 645 | रु.20,90,000/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (2 बी.एच.के.) | 8 | 497 | रु.12,79,300/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) | 7 | 645 | रु.15,30,100/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ रायपुरा | 120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 2 | 1008-1061 | रु.23,43,000 - रु.24,67,300/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | **शैक्षणिक भूखंड**- दर रु. 457/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 27518 | रु.1,25,75,726/- |
| | | **दुकानें** - दर रु. 4400/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रु.3,45,136 - रु.5,29,452/- |
| 4 | कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | **भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें**- दर रु. 6248/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 480-494 | रु.29,99,040 - रु.30,86,512/- |
| 5 | शैलेन्द्र नगर योजना | **दुकानें (प्रथम तल)** - दर रु. 6600/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-254 | रु.15,11,400 - रु.16,76,400/- |

- निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 26/11/2024 ● निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि - 26/11/2024 से 10/12/2024
- निविदा पूर्ण रूप भरकर जमा करने की अंतिम तिथि - 10/12/2024, दोपहर 2 बजे तक
- निविदा खुलने की तिथि - 10/12/2024, दोपहर 3 बजे

संपत्तियों का आवंटन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र रायपुर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में रुपए 500/- का नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवसों व समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वेबसाईट से भी डॉऊनलोड किया जा सकता है। डॉऊनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के लिए राशि रु. 500/- निविदा पत्र जमा करने के समय अतिरिक्त रुप से देय होगा।

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
भक्त माता कर्मा कॉम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। इच्छुक आवेदक संपत्ति क्रय/खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

जागो ग्राहक जागो




### हिंदू-मुस्लिम दोनों करते हैं पूजा

# इस पहाड़ी पर प्रसाद खाने आती हैं लोमड़ियां!



**गांधीनगर।** हर साल लाखों टूरिस्ट कच्छ के सफेद रेगिस्तान को देखने आते हैं। आमतौर पर टूरिस्ट वॉच टॉवर के जरिए सफेद रेगिस्तान का दीदार करते हैं।

हालांकि, इसे देखने का एक बेहतर ऑप्शन है काली पहाड़ी! कच्छ की काली पहाड़ी भुज से लगभग 70 किलोमीटर दूर है। इसे कच्छ का कैलाश पर्वत कहा जाता है। कच्छ की काली पहाड़ी हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए एक पवित्र तीर्थ भी स्थल है। काली पहाड़ी पर पचमई पीर भी है। साथ ही यहां एक ऐसा मंदिर है, जहां लोमड़ियों प्रसाद खाने आती हैं।

**काली पहाड़ी का दत्तात्रेय मंदिर :** काली पहाड़ी पर गुरु दत्तात्रेय का मंदिर है, जो कच्छ का एक फेमस धार्मिक स्थल है। इस मंदिर में भगवान दत्तात्रेय के छठे रूप के दर्शन किए जा सकते हैं। मंदिर का पुनर्निर्माण कच्छ के भूकंप के बाद किया गया था। माना जाता है कि जब गुरु दत्तात्रेय ने बलूचिस्तान में हिंगलाज माताजी के दर्शन किए, तब उनके चरण काली पहाड़ी पर पड़े, जिसके बाद यहां उनकी पादुका स्थापित की गई थी।

### काली पहाड़ी और लोमड़ी की कहानी

काली पहाड़ी से जुड़ी एक रोचक कहानी है, जो लाख गुरु कारी से जुड़ी है। लाख गुरु यहां के पुजारी थे, जिन्होंने कई जानवरों को वश में किया था। एक दिन, एक लोमड़ी गुरु के पास आई पर उनके पास उसे देने के लिए कुछ भी नहीं था। तब लाख गुरु ने अपना शरीर का एक हिस्सा लोमड़ी को अर्पित किया। लोमड़ी उस अंग को बिना खाए वापस चली गई। तभी गुरु ने कहा, 'लो-आंग'। तभी से इस जगह को 'लॉन्ग ओटलो' का नाम मिला।





# रायगढ़ घराने पर डॉ. यास्मीन की दो पुस्तकों का लोकार्पण छत्तीसगढ़ के कत्थक इतिहास में साबित होंगी मील का पत्थर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

श्रोताओं के बीच वरिष्ठ नौकरशाह अमिताभ कांत हों, राज्यसभा सदस्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला हों, भाजपा के प्रखर प्रवक्ता राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी, प्रसिद्ध नृत्यांगना शोभना नारायण, प्रख्यात कानूनविद् महेश जेठमलानी सहित दिल्ली और छत्तीसगढ़ के कई नामचीन प्रतिष्ठित चेहरे हों। मंच पर छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विपक्ष के नेता डॉ. चरणदसम महंत, छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रभारी बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में नित नया मुकाम हासिल करने वाली अदानी फाउंडेशन की संचालक डॉ. प्रीति अदानी स्वयम उपस्थित हों तो कार्यक्रम की सारगर्भिता का अंदाजा लगाया जा सकता है। मौका था, प्रसिद्ध कत्थक कलाकार, स्कॉलर डॉ. यास्मीन सिंह द्वारा लिखित दो पुस्तकों के लोकार्पण समारोह का। पहली बार छत्तीसगढ़ के रायगढ़ घराने को अपने पुस्तक, 'रायगढ़ घराने की कत्थक रचनाओं का सौंदर्यबोध' और राजा चक्रधर सिंह (कत्थक के प्रणेता एवं संरक्षक)' के माध्यम से डॉ. यास्मीन सिंह ने देश की राजधानी दिल्ली के माध्यम से देश को रूबरू कराया। डॉ. यास्मीन सिंह स्वयं एक नामचीन हस्ताक्षर तो हैं ही, साथ ही वो लब्धप्रतिष्ठित नौकरशाह अमन सिंह की धर्मपत्नी भी हैं।

### विद्यार्थियों के लिए होगा थाती

इस अवसर पर आगंतुकों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में



डॉ. यास्मीन सिंह ने देश में कत्थक नृत्य को बीसवीं सदी में संरक्षित करने वाले रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह जी के अप्रकाशित ग्रंथों से कुछ हिस्सा लेकर दो पुस्तकों का आकार दिया गया है। कार्यक्रम का शानदार संचालन हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमन सिंह ने किया। प्रभात प्रकाशन से दोनों पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों का स्वागत प्रभात प्रकाशन के प्रभात जी ने किया।

### आगे बढ़ाना हो तो केंद्र सरकार हमेशा तैयार

पुस्तक का विमोचन करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोर देकर कहा कि रायगढ़ की अगर कोई सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना हो, आगे बढ़ाना हो केंद्र सरकार हमेशा तैयार है। उन्होंने डॉ. यास्मीन सिंह के अनछुए, अप्रकाशित विषयों को पुस्तक के माध्यम से सामने लाने के लिए साधुवाद दिया। साथ ही जोड़ा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की ढकी, छिपी सांस्कृतिक विरासत से सबको परिचित कराने के हमेशा इच्छुक रहे हैं। उन्होंने केंद्र से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का वादा किया। दिल्ली के कांस्टिट्यूशन क्लब में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम वैसे तो कई हुए।

### नियमों के तहत हुई भर्ती, व्यापमं की परीक्षा भी पास की

# अब बीएड वाले 3 हजार सहायक शिक्षकों की नौकरी आई खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीएड पास कर सहायक शिक्षक की नौकरी कर रहे लगभग 3 हजार शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। दरअसल बीएड (बैचलर आफ एजुकेशन) योग्यताधारियों को सहायक शिक्षक पद के लिए न्यायालय ने अयोग्य माना है। ऐसे में इनकी नौकरी संकट में है। इनकी भर्ती लगभग एक साल पहले की गई थी, लेकिन अब इन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है। इस कारण उनके सामने आर्थिक तंगी की समस्या पैदा हो रही है। कई लोगों ने इस नौकरी में रहते हुए लोन लिया, तो कुछ की शादी भी तय हो गई। अगर नौकरी नहीं रही तो उनके भविष्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। इन अभ्यर्थियों ने इसे लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। जिसकी सुनवाई 28 नवंबर को होनी है।

> ■ कई लोगों ने इस नौकरी में रहते हुए लोन लिया, तो कुछ की शादी भी तय हो गई

अपनी इस नौकरी को बचाने के लिए यह सहायक शिक्षक लगातार शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। सहायक शिक्षकों ने पिछले दिनों विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह से भी गुहार लगाई थी। इन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान देगी और इन्हें बेरोजगार होने से बचाएगी। इन सहायक शिक्षकों में वेद प्रकाश सिंह राजपूत ने बताया कि पूरे प्रदेश के लगभग 3000 बीएड सहायक शिक्षक हैं।



### राज्य भर्ती नियम 2019 के तहत हुई नियुक्ति

जानकारों के अनुसार कोर्ट के आदेश का पालन तो सरकार को करना ही होगा लेकिन सरकार कोर्ट में हलफनामा पेश कर सकती है। इसमें कहा जा सकता है कि नए नियमों से भर्ती भविष्य में की जाएगी और इसका ध्यान रखा जाएगा। अभी जिनकी भर्ती हो गई है, उन्हें यथावत नौकरी पर रहने दिया जाए। नियमों की बात करें तो इनकी नियुक्ति राज्यपाल द्वारा अनुमोदित गजट 'छत्तीसगढ़ राज्य भर्ती नियम 2019' के तहत हुई है। सभी सहायक शिक्षक, छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा (2023) पास कर मैरिट में स्थान प्राप्त कर शैक्षणिक सेवा में आए हैं। इसके साथ ही भर्ती राज्य शासन के नियमों के अधीन हुई है।

### प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के लिए मान्य

2018 में एनसीटीई द्वारा गजट प्रस्तुत किया गया, जिसमें बीएड प्रशिक्षण को छः महीने के ब्रिज कोर्स के साथ प्राथमिक स्कूलों में शिक्षण के लिए मान्य किया गया। छत्तीसगढ़ के राजपत्र (2019) में भी इसे प्रकाशित किया गया। इसके बाद 4 मई 2023 को शिक्षक भर्ती परीक्षा (सेट 2023) का नोटिफिकेशन जारी किया गया, जिसमें बीएड प्रशिक्षण को सहायक शिक्षक पद के लिए योग्य माना गया।

**अभ्यर्थियों ने मेहनत से नियमतः नियुक्ति पाई :** इस मामले में बीएड अभ्यर्थियों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। साथ ही शासन से अपील की गई है। इसमें कहा गया है कि इस सम्पूर्ण प्रकरण में अभ्यर्थी कहीं भी दोषी नहीं है। पिछले 14 महीने से सेवारत बीएड प्रशिक्षित 2897 अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा के निर्देशों का पालन करते हुए अपनी मेहनत से नियमतः नियुक्ति पाई है।
















### मुफ्त की कॉफी बेचने लगा रेस्टोरेंट, पर रख दी ऐसी शर्त, अंदर घुसते ही नाचने लगे ग्राहक!



**वॉशिंगटन।** आजकल बड़े-बड़े कैफे और रेस्टोरेंट में जो कॉफी बिकती है, वो इतनी महंगी होती है कि आदमी को मोटी रकम उसके लिए अदा करनी पड़ती है। लोगों को कॉफी पीना इतना पसंद होता है कि वो मोटी रकम देने को तैयार भी हो जाते हैं। पर हाल ही में एक रेस्टोरेंट ने अपने ग्राहकों को मुफ्त की कॉफी देने का फैसला किया। पर उन्होंने एक ऐसी शर्त रख दी, जिसके बाद रेस्टोरेंट के अंदर घुसते ही ग्राहक नाचने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो पोस्ट में एक अमेरिकी रेस्टोरेंट का दृश्य दिखाया गया है। इस वीडियो में कई लोग एक रोस्टोरेंट में प्रवेश कर रहे हैं और वहां पर नाचने लग रहे हैं। वो लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं, एक- दूसरे को देखकर जोर-जोर से हंस भी रहे हैं।

### लोग कॉफी शॉप में करने लगे डांस

वीडियो में एक कपल तो कॉफी लेने के लिए खड़ा है, मगर उन्हें कॉफी नहीं सर्व की जा रही है। जब वो डांस करने लगते हैं, उसके बाद उन्हें कॉफी दी जाती है। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि आखिर कॉफी शॉप ने क्या शर्त रखी है। दरअसल, इस कॉफी शॉप ने शर्त रखी कि अगर किसी को मुफ्त में कॉफी चाहिए तो उसे पहले डांस करना होगा। ऐसा उन्होंने लोगों के बीच सकारात्मक भाव बनाने के लिए किया और लोगों के लिए हल्का माहौल बनाया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com